RNI. MPHIN/2016/68439

दैनिक
# मेल पॉवर


“अगर किसी ने अच्छे न खाया हो, तो वह न ठीक से सोच सकता है, न ही प्रेम कर सकता है, न सो सकता है।
सवर्जिनिया वुल्फ”


पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-84 | भोपाल, शुक्रवार 22 अगस्त 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित

## न्यूज. ब्रीफ

### लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गई, जिसके साथ ही संसद का मानसून सत्र समाप्त हो गया। अंतिम दिन भी कई बार कार्यवाही स्थगित हुई और विपक्षी दलों ने बिहार एसआईआर और कथित वोट चोरी के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। हालांकि, ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान दोनों सदनों में हंगामा कम देखने को मिला। लोकसभा की बैठक गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की गई। जिसमें 12 विधेयकों को बिना चर्चा के या संक्षिप्त चर्चा के साथ पास किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ने मानसून सत्र में कार्यवाही में गतिरोध बनने पर विपक्षी दलों के प्रति निराशा जताकर कहा कि नियोजित तरीके से सदन के कामकाज में व्यवधान पैदा किया गया जो लोकतंत्र और संसदीय मयार्दा के अनुरूप नहीं है।

### चीन की मीठी-मीठी बातों में नहीं फंसेगा भारत

चीन के साथ भारत की कूटनीतिक और सैन्य बातचीत के बावजूद, भारत को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हमेशा सतर्क रहने की जरूरत है। इसका कारण चीन की सेना (पीएलए) ने सीमा पर बड़े पैमाने पर अपने सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है, जिससे वे बहुत तेजी से अपनी सेना को तैनात कर सकते हैं। दरअसल पिछले पाँच सालों में, चीन ने पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक एलएससी के करीब सड़कें, पुल, सुरंगें और ठिकाने बना लिए हैं। इस मजबूत नेटवर्क की मदद से पीएलए के सैनिक 100 से 150 किलोमीटर की दूरी भी सिर्फ 2-3 घंटों में तय कर सकते हैं, जबकि भारतीय सेना के पास ऐसी सुविधा नहीं है।

### भारत सरकार ने अफवाहों पर लगाया विराम

नई दिल्ली। भारत सरकार ने इसकी पुष्टि की है कि राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर चलने वाले दोपहिया वाहनों (बाइक और स्कूटर) से कोई टोल टैक्स नहीं लिया जाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर चल रही उन अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) जल्द ही दोपहिया वाहनों से भी टोल वसूलेगा। मंत्रालय ने कहा कि यह खबर पूरी तरह से फर्जी है। मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर यूजर फीस राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रह) नियम, 2008 के अनुसार वसूला जाता है और दोपहिया वाहनों से टोल शुल्क वसूलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

### खूंखार कुत्तों ने किया हमला

सीकर। राजस्थान के सीकर जिले के खाचरियावास गांव में कुत्तों का आतंक बढ़ रहा है। गांव में कुत्तों ने एक ऐसी घटना को अंजाम दिया है जिससे पूरे इलाके में भय का माहौल है। दरअसल एक झुंड में आए खूंखार कुत्तों ने अचानक हमला किया और कुछ ही मिनटों में बाड़े में बंधे दर्जनभर बेजुबान पशु मारे गए। यह घटना पूर्व सरपंच संतोष सोलंकी के खेत की है, जहां देर रात दर्जनों आवारा कुत्तों ने बकरियों को मार दिया। अचानक हुए हमले में एक दर्जन से अधिक बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पशुपालक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

## भारत का अमेरिका को दो टूक जबाव

# हमारे फॉरेक्स रिजर्व पर तुम्हारा कोई हक नहीं



**नई दिल्ली।** अमेरिका हमेशा दुनिया को अपने जाल में फंसाने की कोशिश करता है। लेकिन भारत ने हर बार अमेरिका की आंखों में आखें डाल कर कहा है कि हमारे फॉरेक्स रिजर्व पर तुम्हारा कोई हक नहीं है। अमेरिका के व्हाइट हाउस स्टेट सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई अपने पास पड़े अमेरिकी डॉलर रिजर्व का इस्तेमाल अमेरिका से पूछकर करे। खासकर रूस से तेल खरीदने के लिए इन डॉलर का इस्तेमाल बिल्कुल न करे। लेकिन इस बार भारत ने मुंह तोड़ जबाव दिया है। भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने ऐसा करारा जवाब दिया कि वाशिंगटन के होश फाख्ता हो गए। दरअसल, नवारो ने एक आर्टिकल लिखकर भारत को टारगेट किया। उनका कहना था कि अमेरिका का भारत के साथ 40 मिलियन डॉलर का ट्रेड सरप्लस है। ये पूरा पैसा आरबीआई के फॉरन रिजर्व में जमा है और इस डॉलर का इस्तेमाल भारत रूस से तेल खरीदने के लिए कर रहा है। नवारो ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत अपने डॉलर उसी काम पर लगाए जो वाशिंटन को मंजूर हो। हालांकि ये कोई पहली दफा नहीं है। 1960-70 के दौर में अमेरिका ने जर्मनी को भी इसी तरह से डिक्टेट करने की कोशिश की थी। तब अमेरिका ने जर्मनी को कहा था कि आपके सेंट्रल बैंक में भी डॉलर है और उसका इस्तेमाल न तो गोल्ड खरीदने के लिए कर सकते हैं और न ही किसी तीसरे देश से व्यापार के लिए। आप उस डॉलर को सिर्फ और सिर्फ अमेरिका के साथ व्यापार में इस्तेमाल कर सकते हैं। आज वहीं पुरानी चाल अमेरिका भारत के खिलाफ चलाना चाहता है। एक साक्षात्कार में अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा था कि रूसी कच्चे तेल पर चीन की निर्भरता नई दिल्ली की तीव्र वृद्धि की तुलना में मामूली रूप से बढ़ी है। भारत के पूर्व विदेश सचिव सिब्बल ने अमेरिकी वित्त मंत्री बेसेंट पर निशाना साधा।

# पीएम मोदी 25 अगस्त से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर, अहमदाबाद में 1449 आवासों करेंगे लोकार्पण

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गुजरात में 15 लाख से अधिक आवासों का निर्माण पूर्ण

**अहमदाबाद ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 और 26 अगस्त को गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे पूर्वी अहमदाबाद के निकोल इलाके से 133.42 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 1449 आवासों और 130 दुकानों का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत कार्यान्वित इस परियोजना से झुग्गियों में रहने वाले परिवारों को आधुनिक सुविधाओं युक्त उनका सपनों का घर मिलेगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में गुजरात में प्रधानमंत्री आवास योजना लाखों लोगों के जीवन में आशा की एक नई किरण लेकर आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के इन-सीटू स्लम रिडेवलपमेंट घटक के तहत गुजरात सरकार के शहरी विकास और शहरी गृह निर्माण विभाग की स्लम रिहैबिलिटेशन और रिडेवलपमेंट पॉलिसी-



2013 के अंतर्गत अहमदाबाद शहर के पश्चिम जोन के सरदार पटेल स्टेडियम वार्ड में स्थित रामापीरना टेकरा के नाम से पहचाने जाने वाले स्लम के सेक्टर-3 में 133.42 करोड़ रुपए के खर्च से निर्मित कुल 1449 आवासों और 130 दुकानों के पुनर्वास कार्य का लोकार्पण होगा। संपूर्ण गुजरात राज्य की बात करें, तो प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत कुल 7.64 लाख आवासों के लक्ष्य के सापेक्ष कुल 9.66 लाख आवास मंजूर किए गए हैं। इन स्वीकृत आवासों में से लगभग 9.07 लाख आवासों का काम पूरा हो चुका है। केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत गुजरात को वर्ष 2019 में विभिन्न श्रेणियों में कुल 6 और वर्ष 2022 में विभिन्न श्रेणियों में कुल 7 अवॉर्ड प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से वर्ष 2024-25 तक भारत सरकार द्वारा 8,43,168 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिनमें से कुल 6,00,932 आवासों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वर्ष 2025-26 में 2,78,533 स्पिल ओवर आवासों के लक्ष्य की तुलना में 01 अप्रैल, 2025 से 20 अगस्त, 2025 तक 39,092 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। जबकि 2,39,441 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिन्हें मार्च-2026 तक पूरा करने की योजना है।

## वेस्टर्न बायपास के निर्माण से आवागमन होगा बेहतर

# मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में आकार ले रहा है भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया भोपाल के सफाई मित्रों का सम्मान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल देश के सुंदरतम शहरों में से एक है। प्रदेश की राजधानी के विकास को सुनियोजित करते हुए भोपाल को राज्य सरकार मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसका लाभ भोपाल के आसपास के जिलों को भी मिलेगा। भोपाल और आसपास के क्षेत्रों के आवागमन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वेस्टर्न बायपास भी विकसित किया जा रहा है। अक्टूबर 2025 तक भोपाल में मेट्रो ट्रेन का संचालन भी आरंभ होगा। भोपाल के बड़े तालाब में कश्मीर की डल झील के समान शिकारो का संचालन भी पर्यटन विकास



निगम के सहयोग से किया जाएगा। भोपाल में नगर निगम के माध्यम से प्रमुख मार्गों पर भव्य द्वार बनाए जा रहे हैं। साथ ही नगर में विशाल कन्वेंशन सेंटर का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नगरपालिका निगम भोपाल द्वारा निर्माण कार्यों के भूमिपूजन, नियुक्ति-पत्र वितरण और सफाई मित्रों के सम्मान के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

केंद्र हो या राज्य, जब कोई भी योजना लागू होती है तो सबसे पहली भूमिका निकायों की होती है। भोपालवासियों ने ऐतिहासिक रूप से अपने जीवंत लोकतांत्रिक संस्कारों का परिचय दिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भोपाल में आरंभ हुआ विलीनीकरण आंदोलन इसका उदाहरण है। देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की सक्रियता और भारतीय सेना द्वारा देशवासियों को दिए गए सुरक्षा के अहसास से हमारी अर्थव्यवस्था सहित सभी क्षेत्रों में विकास की गति तेज हुई है।

### भोपाल को स्वच्छता में दूसरा स्थान मिला

अमृत परियोजना 2.0 योजना से शहरों की समस्याओं को दूर करने और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए टंकियों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने भोपलवासियों से भोपाल को अगले स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर-1 बनाने के लिए हरसंभव योगदान देने का आहवान किया। महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय ने कहा कि भोपाल नगर निगम द्वारा अमृत परियोजना 2.0 योजना के अंतर्गत भविष्य की दृष्टि से पेयजल के लिए 4 फिल्टर प्लांट और 4 इंटेकवेल बनाए जाएंगे।

# अमित शाह और राजनाथ सिंह को मिली ये अहम जिम्मेदारी

## विजन 2047 को लेकर

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में सुधारों के सुझाव देने के लिए दो नए अनौपचारिक मंत्री समूह गठित किए हैं। शाह को आर्थिक सेक्टर की जबावदारी दी गई है। इस समूह में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सहित 13 सदस्य हैं, जबकि रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव इस समूह के संयोजक बने हैं। यह समूह वित्त, उद्योग, वाणिज्य अवसंरचना, रसद, संसाधन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, और शासन सहित प्रौद्योगिकी और आर्थिक क्षेत्रों में विधायी और नीतिगत सुधार एजेंडा तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। वहीं, सामाजिक कल्याण और सुरक्षा क्षेत्रों पर गठित दूसरे 18-सदस्यीय समूह का नेतृत्व रक्षा मंत्री सिंह करने वाले है। यह समूह शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, कौशल विकास, सामाजिक कल्याण, आवास, श्रम, जन स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में सुधारों की संभावनाओं पर विचार-विमर्श



करेगा। इस समूह में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और श्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया को संयोजक बनाया गया है। इन समूहों का गठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के बाद हुआ है, जहां उन्होंने अपनी स्पीच में अगली पीढ़ी के सुधारों की आवश्यकता पर जोर देकर एक टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की थी। पीएम मोदी ने कहा था कि मौजूदा नियमों, कानूनों, नीतियों और प्रक्रियाओं को 21वीं सदी के अनुसार वैश्विक परिवेश के अनुकूल और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप नए सिरे से तैयार किया जाना चाहिए।

# लिपुलेख दर्रे को नेपाल ने बताया अपना क्षेत्र, भारत ने दावे को बताया निराधार

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख दर्रे को लेकर विवाद फिर खड़ा हो गया है। केंद्र सरकार ने नेपाल के उस विरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उसने लिपुलेख दर्रे से भारत-चीन व्यापार को फिर से शुरू करने पर आपत्ति जताई थी। भारत ने कहा कि नेपाल के दावे निराधार, अनुचित और ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल का कहना है कि लिपुलेख दर्रे का दक्षिणी हिस्सा, जिसे कालापानी क्षेत्र के नाम से जाना जाता है वह नेपाल का है। नेपाल ने भारत से इस क्षेत्र में कोई भी गतिविधि, जैसे व्यापार न करने का आग्रह किया है। इसके जवाब में भारत ने कहा कि नेपाल के दावे सही नहीं हैं और ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। भारत ने कहा कि वह नेपाल के



साथ बातचीत के जरिए सीमा विवाद को सुलझाने के लिए तैयार है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस मामले पर भारत का रुख हमेशा से स्पष्ट है। लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत और चीन के बीच सीमा व्यापार 1954 में शुरू हुआ था। यह व्यापार दशकों से चल रहा था, लेकिन हाल के वर्षों में कोविड-19 और दूसरी से बाधित हो गया था। नेपाल की ओली सरकार ने कहा कि नेपाल के आधिकारिक मानचित्र को उसके संविधान में शामिल किया गया है।

# अलीगढ़ में हिंदू गौरव दिवस सम्पन्न, बाबूजी को दी गई श्रद्धांजलि




**अलीगढ़।** राजस्थान के पूर्व राज्यपाल व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण से अलंकृत श्रद्धेय कल्याण सिंह बाबूजी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर मंगलवार को अलीगढ़ के तालानगरी मैदान में हिंदू गौरव दिवस का भव्य आयोजन हुआ। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, बाबूजी के पुत्र पूर्व सांसद राजवीर सिंह (राजू भैया) समेत तमाम मंत्रीगण और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल्याण सिंह केवल एक नेता नहीं थे, बल्कि सेवा, सुशासन और समाज के कमजोर वर्गों के सच्चे संरक्षक थे। उन्होंने कहा– कोई अचानक कल्याण सिंह नहीं बन जाता, संघर्ष, त्याग और बलिदान के बाद ही व्यक्ति महान बनता है।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का भाषण

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल्याण सिंह को गरीबों, पिछड़ों और वंचितों का सच्चा हमदर्द बताते हुए कहा– बाबूजी ने अपने कार्यकाल में हाशिए पर खड़े समाज को मुख्यधारा से जोड़ा।

### निष्कर्ष

हिंदू गौरव दिवस केवल श्रद्धांजलि सभा नहीं रहा, बल्कि भाजपा के लिए शक्ति प्रदर्शन और सामाजिक एकता का प्रतीक भी बना। मंच से नेताओं ने जहाँ कल्याण सिंह की विरासत को याद किया, वहीं जनता से उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## केंद्र के प्रस्ताव पर जीओएम की मोहर

# जीएसटी में 5 और 18 प्रतिशत के दो ही स्लैब

**नई दिल्ली।** जीएसटी की दरों को तर्कसंगत बनाने को लेकर राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह (जीओएम) की महत्वपूर्ण बैठक में केंद्र सरकार के प्रस्ताव को माना गया है। मीटिंग में टैक्स स्लैब को घटाकर 5 और 18 प्रतिशत करने के केंद्र के प्रस्ताव पर चर्चा हुई, जिस पर जीएमओ ने सहमति जाहिर की है। केंद्र सरकार ने जीएसटी में बड़े पैमाने पर बदलाव का प्रस्ताव दिया है, इसमें 12 और 28 प्रतिशत स्लैब को हटाकर केवल 5 और 18 प्रतिशत की दो दरें रखने की बात कही गई है। इसके अलावा, तंबाकू और पान मसाला जैसे गुड्स पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू करने का प्रस्ताव दिया था।




दरअसल मोदी सरकार जीएसटी में बदलाव के जरिए आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग और एमएसएमई को बड़ी राहत देना चाहती है। वह इसके जरिए टैक्स सिस्टम को आसान भी करना चाहती है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय मंत्री समूह ने 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की मौजूदा चार दरों वाले सिस्टम को बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

# राज्यसभा में पेश हुआ गिरफ्तार पीएम-सीएम को हटाने वाला बिल, संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने मानसून सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 को संयुक्त समिति को भेजने पर सहमति जाहिर की, जिसमें 21 लोकसभा सदस्य और 10 राज्यसभा सदस्य शामिल होने है। जिन्हें क्रमशः अध्यक्ष और उपसभापति द्वारा नामित किया जाएगा। समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष की नारेबाजी और हंगामे के बीच उच्च सदन में प्रस्ताव रखा कि तीनों विधेयकों को संयुक्त समिति को भेजा जाए। प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किया गया। इससे पहले, गृह मंत्री अमित शाह ने भारत के संविधान में और संशोधन करने के लिए संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में संशोधन करने वाले विधेयक के अलावा केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 को लोकसभा में पेश किया था। विपक्षी नेताओं ने विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों को कठोर और असंवैधानिक बताया है। विपक्षी सांसदों ने शाह की ओर तीनों विधेयकों की प्रतियां फाड़कर फेंकी।

# भारत आज भी अंतरिक्ष से सबसे अच्छा नजर आता है: शुभांशु शुक्ला

## एक्सिओम-4 मिशन के लिए सरकार, इसरो और साथियों को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन पर भारत सरकार, इसरो और अपने साथियों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि भारत आज भी अंतरिक्ष से सबसे अच्छा दिखता है। वहीं इसरो के चेयरमैन वी नारायणन ने पिछले 10 सालों में हुई प्रगति और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने नासा-इसरो के सहयोग और प्राइवेट कंपनियों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। ग्रुप कैप्टन शुभांशु कहा कि मैं भारत सरकार, इसरो और अपने सहयोगियों को धन्यवाद देना चाहता हूं...हम फाल्कॉन 9 व्हीकल के ऊपर उड़ रहे थे...क्रू ड्रैगन उन तीन वाहनों में से एक है जो इंसानों को अंतरिक्ष में ले जाता हैं... इस मिशन में मेरी भूमिका मिशन पायलट की थी। क्रू ड्रैगन में चार सीटें हैं। मैं मिशन पायलट था और मुझे कमांडर के साथ



काम करना था और क्रू ड्रैगन के सिस्टम के साथ बातचीत करनी थी। हमें उन प्रयोगों को करना था जो भारतीय शोधकताओं ने बताए थे। एसटीईएम प्रदर्शन, तस्वीरें और वीडियोग्राफ भी कैप्चर करने थे। वहीं इसरो के चेयरमैन वी नारायणन ने बताया कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद, दक्षिण एशियाई सैटेलाइट का निर्माण, लॉन्च और दक्षिण एशियाई देशों को दान कर दिया गया। उनके नेतृत्व में, हमने जी20 देशों के लिए जी20 सैटेलाइट भी बनाया है...10 साल पहले अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारे पास केवल एक स्टार्टअप कंपनी थी। आज, अंतरिक्ष उद्योग में हमारे पास 300 से ज्यादा स्टार्टअप हैं...। नारायणन ने जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के बारे में कहा कि इस रॉकेट ने 30 जुलाई को सबसे प्रतिष्ठित नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार को पूरी तरह से स्थापित किया। यह जेपीएल नासा और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया एक सैटेलाइट है। आज, सैटेलाइट पूरी तरह से सही है। अगले 2-3 महीनों में हम अमेरिका के 6500 किलोग्राम के कम्युनिकेशन सैटेलाइट को लॉन्च करेंगे जिसे हमारे लॉन्च व्हीकल का उपयोग करके लॉन्च किया जाएगा। नारायणन ने पिछले 10 सालों में हुई तरक्की के बारे में बताते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रगति अभूतपूर्व और तेजी से हुई है। 2015 से 2025 तक पूरे किए गए मिशन 2005 से 2015 के लगभग दोगुने हैं। पिछले 6 महीनों के दौरान तीन अहम मिशन पूरे किए गए।

# भगवान भैरव ने कुत्तों को बचाने दिल्ली जाने का दिया था आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता पर हमला करने वाला राजेश खिमजी ने पुलिस पूछताछ में खुलासा किया है। पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि राजेश खिमजी शिवलिंग की पूजा करता है। उसने पुलिस को बताया कि जब कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का आदेश आया तो उसे सपने में शिवलिंग में भगवान शिव के भैरव स्वरूप के दर्शन हुए। भैरव स्वरूप में आए कुत्ते ने उसे दिल्ली जाकर अपनी बात रखने के लिए कहा। इसके बाद राजेश सोमवार को उज्जैन पहुंचा। वहां से भी उसे दिल्ली जाने का आदेश भैरव स्वरूप में आए कुत्ते ने दिया फिर बिना टिकट के ही राजेश खिमजी ट्रेन से नई दिल्ली पहुंच गया। नई दिल्ली स्टेशन पहुंचने पर राजेश खिमजी ने किसी शख्स से सीएम रेखा गुप्ता के घर का पता पूछा। इसके बाद राजेश खिमजी मेट्रो से सीएम रेखा के निजी आवास जाने के लिए निकल गया, लेकिन आरोपी गलत मेट्रो स्टेशन पर उतर गया। इसके बाद राजेश राहगीरों से पता पूछकर सीएम के निजी आवास पर रिक्शा से पहुंचा। रिक्शा वाले को राजेश ने 50 रुपए दिए। आरोपी ने बताया कि उसने सीएम से कुत्तों को दिल्ली से बाहर नहीं करने की अपील की। आरोपी राजेश ने पुलिस को बताया कि सीएम रेखा ने उसकी बात नहीं सुनी उसे अनसुनी कर दी, जिसके बाद उसे गुस्सा आ गया और उसने सीएम पर हमला कर दिया। वह शाम की ट्रेन से वापस गुजरात जाने वाला था। हालांकि पुलिस ये भी पता कर रही है कि आखिरकार राजेश के बयान में कितनी सच्चाई है।

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में 50 वर्षों के बाद अत्याधुनिक मशीन से मुद्रण कार्य प्रारंभ



दैनिक भेल पॉवर

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल को नैक द्वारा ए ग्रेड की उपलब्धि प्राप्त होने के पश्चात एक और नया अध्याय जुड़ा जिसमें वर्तमान कुलगुरु प्रोफेसर सुरेश कुमार जैन जी के नेतृत्व एवं प्रेरणा से विश्वविद्यालय के मुद्रणालय में लगभग 50 वर्षों के पश्चात अत्याधुनिक ऑफसेट मशीन की स्थापना की गई , इसका उद्घाटन आज कुलगुरु जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री सुनील नायक सहायक कुलसचिव एवं मुद्रणालय प्रभारी प्रोफेसर पवन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।मुद्रणालय के प्रभारी प्रो. पवन मिश्रा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुद्रणालय में अभी तक 50वर्ष पुरानी मशीनों से ही विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यों को संपन्न किया जा रहा था,जिसमें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कुलगुरु जी के प्रयास से अब मुद्रणालय में और भी कई कार्य संपन्न किये जा सकेंगे जिससे विश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। मशीन की स्थापना एवं उद्घाटन के अवसर पर मो. शफीक खान ,नावेद अख्तर ,रहीम खान ,नाना, एवं कई अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास का आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** मंडी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शाहिद खान उर्फ नान्टी (30) निवासी मुंडलाकलां के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 20 अगस्त को असलम खान ने मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात करीब 9.15 बजे जब वह अपने भाई अफसर खान के साथ गांव के रास्ते घर जा रहे थे, तब नान्टी उर्फ शाहिद खान ने उन्हें रोका। पैसों को लेकर विवाद होने पर आरोपी ने असलम को गाली दी और चाकू से हमला किया। असलम की पीठ में चोट लगने के बाद जब उनके भाई अफसर ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो आरोपी ने उन्हें जान से मारने की नीयत से उनके पेट और हाथ में चाकू मारा। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के



मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुनील मेहर और उनकी टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। टीम को सूचना मिली कि आरोपी अपने घर पर छिपा हुआ है, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल दबिश दी और आरोपी शाहिद उर्फ नान्टी को गिरफ्तार कर लिया।

## केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल एवं कला लक्ष्मणदास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से सम्पन्न

**केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल एवं कला लक्ष्मणदास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल, करोंद**

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ ऑडिटोरियम में माँ सरस्वती, माँ भारती एवं ब्रह्मलीन संत शिरोमणि संत हिरदाराम साहिब जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सुमधुर सरस्वती वंदना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर परम श्रद्धेय श्री सिद्ध भाऊ जी, विद्यालय के सचिव श्री घनश्याम बूलचंदानी एवं प्राचार्या सुश्री सुमन विश्वकर्मा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात संगीत शिक्षिका सुश्री स्तुति भार्गव एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया। श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी ने अपने आशीर्वचन में विद्यार्थियों को




समय-सारणी बनाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्या से ही हमें सम्मान मिलता है और विद्या ही हमारी सभी इच्छाओं की पूर्ति कर सकती है, इसलिए मन लगाकर अध्ययन करें। विद्यालय सचिव श्री घनश्याम बूलचंदानी ने अपने संदेश में नवनिर्वाचित छात्र नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी अपने कर्तव्यों को समझकर, ईमानदारी और निष्ठा से अपने पद का मान बढ़ाएँ। प्राचार्या सुश्री सुमन विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कर्तव्य पालन केवल विद्यालय तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जीवन में भी अनुशासन और जिम्मेदारी निभानी चाहिए। आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ने हेड बॉय सत्यम शर्मा को विद्यालय का ध्वज सौंपा तथा साधु वासवानी हाउस, स्वामी दयानंद हाउस, स्वामी हीरानंद हाउस एवं डॉ. राधाकृष्णन हाउस के इंचार्ज एवं विद्यार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। तत्पश्चात सचिव महोदय एवं भाऊ जी द्वारा विद्यार्थियों को बैज एवं सैश पहनाए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर समारोह का संचालन श्रीमती कीर्ति काशिव एवं सुश्री स्तुति भार्गव द्वारा किया गया। प्राचार्या महोदया के कुशल नेतृत्व में यह गरिमामय आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के छात्रों का गैलेंट इस्पात लिमिटेड में प्लेसमेंट

दैनिक भेल पॉवर

मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (MPU) का सदैव प्रयास रहा है कि छात्रों को औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जाए, ताकि वे तकनीकी रूप से सक्षम होने के साथ-साथ व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी प्रतिस्पर्धी बन सकें। मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (MPU) के बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सत्र 2025 के छात्र अभिजीत प्रकाश, निशांत कुमार वर्मा, त्रिदेव कुमार, दीपक कुमार एवं प्रदुमन कुमार सिंह ने प्रतिष्ठित कंपनी गैलेंट इस्पात लिमिटेड में प्लेसमेंट प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस सामूहिक उपलब्धि पर संपूर्ण MPU परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। गैलेंट इस्पात लिमिटेड भारत की अग्रणी इस्पात निर्माण कंपनियों में से एक है, जो अपनी तकनीकी दक्षता और



उत्पाद की गुणवत्ता के लिए जानी जाती है। इस प्रतिष्ठित कंपनी में चयनित होना विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। विश्वविद्यालय के निदेशकगण एवं विभागाध्यक्षों ने सभी चयनित छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के शिक्षकों ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और टढव द्वारा प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा का परिणाम है।

## राजस्व मंत्री वर्मा 22 को इछावर तहसील में सुनेंगे जनता की समस्याएं

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा आज 22 अगस्त को इछावर तहसील के 10 गांवों का दौरा करेंगे। वे यहां जनता की समस्याओं को सुनेंगे और उनका तत्काल समाधान करेंगे। जनसुनवाई कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से शुरू होगा, जब मंत्री श्री वर्मा ग्राम पचपिपलिया पहुंचेंगे। इसके बाद वे ग्राम मुस्करा, मोगराराम, नरसिंहखेड़ा, सिराड़ी, कुंडीखाल, लालियाखेड़ी, कोलूखेड़ी और रामगढ़ का दौरा करेंगे। मंत्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम सुबह 11 बजे जमोनिया हटेसिंह से शुरू होगा और शाम 4.30 बजे रामगढ़ पहुंचकर समाप्त होगा, जिसके बाद वे भोपाल के लिए रवाना होंगे। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व से संबंधित और अन्य समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना है। इस दौरे से स्थानीय लोगों को अपनी परेशानियों को सीधे मंत्री तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

### फसल की सुरक्षा के लिये खेत पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

दैनिक भेल पॉवर

फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत) अनुदान प्रदान किया जाएगा। तार-फेंसिंग लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है, यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा तीन लाख रुपये है। इसमें डेढ़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी तथा शेष डेढ़ लाख रुपए किसान वहन करेगा।

## राज्यपाल पटेल ने बिरवा में ईमलाबाई के घर किया भोजन

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल गुरूवार को बालाघाट जिले के बैहर के ग्राम बिरवा में प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही ईमलाबाई मरकाम के घर पहुंचे। उनके बच्चों के साथ आत्मीय चर्चा की। शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। परिवार के साथ सहभोज में शामिल हुए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ईमलाबाई के बच्चों के साथ चर्चा कर उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। उनको बड़ी बेटी भावगती ने बताया की वह आईटीआई की पढ़ाई कर रही है। छोटी बेटी सोमवती ने बताया की उसने दसवीं के बाद पढ़ाई रोक दी है। बेटे दीपक मरकाम



ने बताया की उसने नवमी कक्षा तक पढ़ाई की है। अब वह खेती कर रहा है। उसने बताया की वह सर्विस सेंटर खोलना चाहता है। राज्यपाल पटेल ने उन्हें पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल पटेल द्वारा ईमलाबाई से शासन की योजनाओं के लाभों के संबंध में जानकारी ली गई। ईमलाबाई ने बताया कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत उन्हें आवास स्वीकृत किया गया था। शौचालय निर्माण के लिये भी राशि मिली है। उन्होंने बताया कि उन्हें विधवा पेंशन मिलती है, मनरेगा जॉब कार्ड भी उनके पास है। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, संबल योजना का लाभ भी मिल रहा है। उसने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में भी अपना बीमा कराया हैं। राज्यपाल पटेल का घर पहुंचने पर ईमलाबाई ने पारंपरिक रीति रिवाज के साथ उनका स्वागत किया। पारंपरिक भोजन परोसा, जिसमें कोदो का भात, कुटकी की खीर, चैच भाजी, चिरोटा भाजी, करील की सब्जी व भोंडों पिहरी की सब्जी शामिल थी।

राज्यपाल पटेल के साथ जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक गौरव पारधी और ईमलाबाई की बेटियों भागवती, सोमवती एवं बेटे दीपक मरकाम ने भी भोजन किया।

## सचिव केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य चन्द्रशेखर ने की अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा

**भोपाल।** केन्द्रीय सचिव अल्पसंख्यक कार्य चन्द्रशेखर की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंखयक कल्याण विभाग के विंध्याचल भवन स्थित कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में केंद्र सरकार के सचिव चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना अंतर्गत हमीदिया अस्पताल के उन्नयन में चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने हड्डी रोग विभाग, स्वशन रोग विभाग, नर्सिंग कॉलेज एवं छात्रावास, मॉर्चरी ब्लॉक, ड्रग स्टोर, वॉटर संपबैल एवं अधीक्षक कार्यालय भवन आदि की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को निर्माण कार्यों को मिशन मोड में लेकर शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने वक्फ-संपत्तियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर वक्फ संपत्ति/भूमियों पर जहां पर अवैध कब्जा है, उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। वक्फ संपत्ति के पुरानें किराये-दारों से नवीन अनुवंध कर वर्तमान दरों पर किरायेदारी तय की जाये, जिससे वक्फ बोर्ड की आय में वृद्धि हो सके। बैठक में केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव राम सिंह, प्रदेश के प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण डॉ. ई रमेश कुमार, अपर सचिव अनुराग चौधरी, स्वास्थ्य आयुक्त तरूण राठी, आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण सौरभ कुमार सुमन संचालक कौशल विकास गिरीश मिश्रा और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## दस साल की मासूम से अशलीलता करने वाले को पॉच साल की जेल

**भोपाल।** राजधानी के शाहपुरा थाना इलाके में करीब साढ़े चार साल पहले दस साल की मासूम से ज्यादती और पॉक्सो एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने चार साल पहले दस साल की बच्ची से हुई ज्यादती के मामले में आरोपी को पॉच साल की सजा से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है। प्रकरण में सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट पुलिस द्वारा दर्ज दुष्कर्म की धाराओं को लेकर सहमत नहीं हो सका। हालांकि प्रकरण छेड़छाड़ का मानते हुए अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। जानकारी के अनुसार शाहपुरा थाना पुलिस ने 6 फरवरी, 2021 को दस साल की मासूम के साथ ज्यादती और पॉक्सो एक्ट की धाराओ में आरोपी सुनील त्रिरोले के खिलाफ मामला कायम किया था। काम के चलते बच्ची के माता-पिता के बाहर जाने पर आरोपी सुनील मासूम को बहलाकर अपनी गोद में बैठाकर उसके साथ अशलील हरकतें करता था। बाद में बच्ची ने माता-पिता को सुनील की करतूत बताई, जिसके बाद मां ने थाने जाकर प्रकरण दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने पाक्सो एक्ट के अलावा दुष्कर्म की धाराएं लगाते हुए आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष की और से ज्यादती की धाराएं लगाने पर अपनी दलील देते हुए पुलिस जॉच पर सवाल उठाये थे। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अदालत ने आरोपी सुनील त्रिरोले को पॉक्सो एक्ट की धारा के अलावा छेड़छाड़ की धारा में दोषी करार दिया।

## रोजगार मेले का आयोजन आज



फाइल फोटो

दैनिक भेल पॉवर

*__भोपाल।__ जिला रोजगार अधिकारी भोपाल ने बताया कि युवा संगम (रोजगार मेला) का आयोजन 22 अगस्त 2025 को प्रातः 11.00 बजे से भोपाल इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड साइंस कॉलेज बंगरसिया भोजपुर रोड, भोपाल में किया जा रहा है जिसमें 20 मल्टिनेशनल कंपनियां शामिल होंगी। उन्होंने मध्यप्रदेश के सभी रोजगार के इच्छुक आवेदक, आवेदिकाओं से अपील की है कि वे अपने समस्त मूल प्रमाण - पत्रों एवं अपना बायोडाटा सहित साक्षात्कार के लिए 22 अगस्त को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर युवा संगम रोजगार मेला का सुनहरा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त सकते है। भर्ती कंपनियों द्वारा अपनी शर्तों पर की जाएगी। साक्षात्कार के समय, कंपनी से समस्त जानकारी स्वंय प्राप्त करें। जिला रोजगार मेले में एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस, एलआईसी ऑफ इंडिया, बाला जी सिक्युरिटी सर्विस प्रा.लि., एनआईआईटी, भारती एयरटेल प्रा.लि. आईसीआई लाईफ इंश्योरेंस, फिडम एम्पलायबिलिटी अकाडमी, नीवा हेल्थ लाईफ इंश्योरेंस, शिव शक्ति, वर्धमान प्रा.लि. मण्डीदीप, आइसर, एंड्रिट्ज हाइड्रो, एसएमपीएल,एसएनआर किआ ,सत्यम मोटर्स, डायवर्सिटेक जनरल इंजीनियरिंग, दीवा लॉजिस्टिक्स, इंडीआईजी टेक्निक्ल ट्रेनिंग एंड प्रोडेक्ट डवलपमेंट, बायो साइंस हेल्थ केयर सम्मिलित होंगी।*

**NAME CHANGE**

I, Santosh S/o Munna Lal Kanojiya R/o 98, Dhobi Ghat, Near Railway Mal Godam, Huzur, PO: Bairagarh, Dist-Bhopal, Madhya Pradesh-462030 have changed my name to Santosh Kanojiya.

# प्रदेश के स्थापना दिवस पर राजधानी भोपाल में होगा सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सम्मान समारोह के साथ सुगम संगीत और ड्रोन शो भी होगा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की ली जानकारी

**अधिक से अधिक युवाओं को कार्यक्रमों से जोड़ने के निर्देश**

दैनिक भेल पॉवर



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को मंत्रालय में आयोजित बैठक में आगामी 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। प्रस्तावित कार्यक्रमों के अनुसार स्थापना दिवस कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न प्रस्तुतियां होंगी। भोपाल के लाल परेड मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन होगा। जनकल्याण, सुशासन और शौर्य के पर्याय सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और योगदान से नागरिकों को महानाट्य के माध्यम से परिचित करवाने के लिए दक्ष कलाकार राजधानी आएंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष नई दिल्ली में भी सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन सफलतापूर्वक हुआ है, जिसे व्यापक प्रशंसा मिली। इसके साथ ही स्थापना दिवस पर प्रख्यात कलाकारों द्वारा सुगम संगीत कार्यक्रम एवं ड्रोन-शो का आयोजन होगा। ड्रोन-शो के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से आवश्यक तैयारियां प्रारंभ की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को कार्यक्रम से जोड़ने के निर्देश दिए।

**मध्यप्रदेश स्थापना दिवस राजधानी से लेकर जिलों तक मनाया जाएगा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजधानी भोपाल सहित जिलों में होने वाले स्थापना दिवस कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी की जाए। नारी सशक्तिकरण के प्रतीक स्व-सहायता समूह की बहनों को भी आमंत्रित किया जाए। नागरिकों की व्यापक भागीदारी होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सहित विभिन्न सेवा क्षेत्र में गतिविधियों का आयोजन किया जाए। प्रदेश के स्थापना दिवस का अवसर उल्लास और उमंग का अवसर है और इसमें हर व्यक्ति की सहभागिता होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा विभाग के सहयोग से सामान्य ज्ञान और अन्य स्पर्धाएं आयोजित की जाएं। राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की जानकारी और प्रमुख उपलब्धियां भी जन-जन पहुंचे। इसके लिए प्रदर्शनी भी आयोजित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र, नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, सुशासन और अन्य कई क्षेत्रों में नवाचार किए गए हैं। अनेक उपलब्धियां राज्य ने अर्जित की हैं। इन उपलब्धियां की जानकारी आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला पर्यटन परिषद को भी आयोजनों से जोड़ा जाए। बैठक में बताया गया कि भोपाल के लाल परेड मैदान पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही जिला मुख्यालय पर भी स्थापना दिवस के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। जिला स्तर पर जिला उत्पादों का प्रदर्शन और उत्कृष्ट कार्यो पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। सभी शासकीय भवनों में एक नवंबर को प्रकाश सज्जा की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, आयुक्त एवं सचिव जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गणेशोत्सव की तैयारियों के लिए चिंतामण गणेश मंदिर में बैठक आयोजित

## कलेक्टर-एसपी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश, समय से पहले सभी तैयारियां पूरी करने पर जोर

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** आगामी गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रसिद्ध श्री चिंतामण गणेश मंदिर में आयोजित होने वाले दस दिवसीय गणेशोत्सव की तैयारियों को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने इस बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी तैयारियां समय से पहले पूरी कर ली जाएं।बैठक में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएं। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ट्रैफिक डायवर्जन और बैरिकेड्स लगाने की योजना बनाई गई है। सुरक्षा के लिए पुलिसए होम गार्ड और कोटवारों की पर्याप्त तैनाती की जाएगी।




**स्वच्छताए स्वास्थ्य और बिजली-** कलेक्टर ने नगर पालिका को आयोजन स्थल पर साफ सफाई और अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सीएमएचओ को मंदिर परिसर में 24 घंटे मेडिकल टीमें, एंबुलेंस और जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा बिजली विभाग को मंदिर परिसर और पहुंच मार्गों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एक सक्रिय टीम रखने का निर्देश दिया गया है।

**खाद्य सामग्री और पार्किंग व्यवस्था-** श्रद्धालुओं को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले, इसके लिए नकली और मिलावटी सामान की बिक्री रोकने हेतु एक विशेष जांच दल का गठन करने का निर्णय लिया गया है। पार्किंग की समस्या से बचने के लिए पार्किंग स्थलों को पहले से ही निर्धारित कर वहां साइन बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर-एसपी ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन, डीएफओ अर्चना पटेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सारंग स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता, फाइनल में सीहोर और धार के बीच होगा रोमांचक मुकाबला



दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान में चल रही स्व. कैलाश नारायण सारंग स्मृति राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। आज फाइनल में खिताब के लिए सीहोर और धार की टीमों के बीच जोरदार भिड़ंत होगी। गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल मैचों में सीहोर और धार ने शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में सीहोर की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मंडला को 2.0 से हराया। सीहोर की खिलाड़ी वंदना यादव ने दोनों गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में धार और नेशनल फुटबाल क्लब इंदौर के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से हुआए जिसमें धार ने इंदौर को 3.1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश की 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। सेमीफाइनल मैच में निर्णायक की भूमिका शिवम नंदराज, एंजल सिंह, गौरव, पूजा वारसी, ज्वाला और मुस्कान ने निभाई। मैच से पहले मुख्य अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। आज शाम होगा समापन और पुरस्कार वितरण रोमांचक प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज दोपहर 3 बजे से सीहोर और धार के बीच खेला जाएगा। इसके बाद शाम 5 बजे पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही खेल मंत्री विश्वास सारंग, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

# दतिया में बिजली कर्मियों के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट / दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफ.आई. आर. कराने के निर्देश दिए हैं।**

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल/दतिया।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दतिया वृत अन्तर्गत बकाया राशि जमा नहीं करने तथा बिजली कर्मचारियों से मारपीट करने वाले चार आरोपितों के खिलाफ थाना जिगना जिला दतिया में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सहायक प्रबंधक विद्युत वितरण केन्द्र उदगवां श्री वरूण वर्मा ने बताया कि ग्राम छता के हार में पम्प कनेक्शन की बकाया राशि जमा नहीं करने पर उदगवां में ट्रांसफार्मर उतार कर वितरण केंद्र पर ले रहे थे। उपभोक्ता श्री भगवान सिंह यादव पर बकाया राशि 50 हजार से अधिक तथा उपभोक्ता श्रीमती प्रभा देवी यादव पर 23 हजार से अधिक बकाया राशि जमा नहीं करने पर कंपनी ने कार्रवाई की। टीम में लाइन हैल्पर संतोष शर्मा, ब्रजेश रजक के साथ कार्रवाई करने के बाद अपने शासकीय वाहन से जा रहे थे। उसी दौरान रास्?ते में आरोपितों ने गंदी गालियां देते हुए हमला कर दिया, तथा ट्रांसफार्मर शासकीय वाहन से लूट लिया। मारपीट में सहायक प्रबंधक तथा लाइन हैल्पर को चोट आई है। इस दौरान आरोपितों ने जान से मारने की धमकी देते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली। इस संबंध में तत्काल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर चार आरोपितों श्री प्रहलाद यादव, श्री भूरे यादव, श्री नितिन बुंदेला तथा श्री भगवान सिंह यादव के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 115(2) ,296,351(3) ,132,126(2),121(2) एवं धारा 3(5) में एफआईआर दर्ज की गई है। इधर थाना जिगना जिला दतिया ने प्रकरण पर संज्ञान लेकर विवेचना शुरू कर दी है। गौरतलब है कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए निरंतरता से सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है और प्रकरण पंजीबद्ध किए जा रहे हैं। एक ओर सतर्कता विभाग बिजली चोरी की रोकथाम के लिए प्रयासरत है तो दूसरी ओर जोन स्तर के अधिकारियों के द्वारा भी प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट / दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफ.आई. आर. कराने के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने कहा है कि प्रायः देखने में आ रहा है कि बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट / दुर्व्यवहार किया जा रहा है। चूंकि ऐसी घटनाएं विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल गिराती हैं, इसलिए कंपनी के कार्यक्षेत्र में कार्यरत सभी नियंत्रणकर्ता अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार या मारपीट की घटनाओं को पूरी गंभीरता से लिया जाए। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों से दुर्व्यवहार या मारपीट के मामलों को शासकीय कामकाज में बाधा डालने के तौर पर लिया जाकर तुरंत कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों से कहा है कि विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर लगातार नजर रखें और जिले के कलेक्टर / पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर किसी भी अप्रिय स्थिति में उनसे आवश्यक सहयोग प्राप्त करें।

# उत्तराखण्ड के महापौरों, नगर पालिका अध्यक्षों व अधिकारियों ने महापौर श्रीमती मालती राय, निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी व निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन से की सौजन्य भेंट

**निगम आयुक्त श्री नारायन ने नगर निगम, भोपाल द्वारा स्वच्छता की गतिविधियों एवं नवाचारों से पॉवर पाईट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया**

दैनिक भेल पॉवर



**भोपाल।** उत्तराखण्ड के महापौरों, नगर पालिका अध्यक्षों एवं अधिकारियों के दल ने महापौर श्रीमती मालती राय, निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी एवं निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन से सौजन्य भेंट की और स्वच्छता व अन्य विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन ने पॉवर पाईट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भोपाल शहर में नगर निगम द्वारा स्वच्छता की गतिविधियों एवं नवाचारों तथा जनसुविधा एवं विकास संबंधी कार्यों व श्वानों में एंटीरैबीज वेक्सीनेशन व श्वानों की नसबंदी आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी से उत्तराखण्ड के दल को अवगत कराया। उत्तराखण्ड के विभिन्न नगर निगमों के महापौरों एवं नगर पालिका अध्यक्षों व अधिकारियों ने नगर निगम, भोपाल द्वारा स्वच्छता संबंधी कार्यों एवं नवाचारों की मुक्तकंठ से सराहना भी की। उत्तराखण्ड के नगरीय निकायों एवं जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के दल में सम्मिलित नगर निगमों के 06 महापौर, 08 नगर पालिकाओं के अध्यक्ष एवं 04 अधिकारियों ने बुधवार को आई.एस.बी.टी स्थित निगम कार्यालय में महापौर श्रीमती मालती राय, निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी व निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन से सौजन्य भेंट की। महापौर श्रीमती राय एवं निगम अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने उत्तराखण्ड के विभिन्न नगर निगमों के महापौरों, नगर पालिका अध्यक्षों एवं अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया व शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान भी किया। महापौर श्रीमती राय, अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी व निगम आयुक्त श्री नारायन सहित अन्य अधिकारियों व उत्तराखण्ड के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने अपने-अपने शहरों में किए जा रहे स्वच्छता संबंधी कार्यों, जनसुविधा एवं विकास तथा अन्य मूलभूत सुविधा संबंधी योजनाओं की जानकारी एवं अनुभव आपस में साझा किए। उत्तराखण्ड के महापौरों, अध्यक्षों एवं अधिकारियों ने नगर निगम, भोपाल द्वारा शहर की स्वच्छता हेतु किए जा रहे कार्यों, जनजागरूकता तथा एनिमल बर्थ कंट्रोल संबंधी कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। इस दौरान निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन ने पॉवर पाईट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भोपाल शहर में नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता की गतिविधियों, नवाचारों, स्वच्छता हेतु जनजागरूकता व उत्प्रेरण तथा जनसुविधा एवं विकास संबंधी कार्यों के साथ ही श्वानों में एंटीरैबीज वेक्सीनेशन व श्वानों की नसबंदी आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी से उत्तराखण्ड के दल को अवगत कराया। इस अवसर पर महापौर परिषद के अनेक सदस्य व निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# महामहिम की जबावदेही से आदिवासी क्षेत्रों को नई ताकत





सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार इस बात को लेकर मोर्चा खोले हुए है कि जब संविधान राष्ट्रपति और राज्यपाल को निर्णय लेने की समय सीमा में नहीं बांधे हुए है तो कोर्ट क्यों निर्णय ले। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों और राष्ट्रपति के पास लंबित पड़े विधेयकों पर समय-सीमा तय करने का ऐतिहासिक फैसला दिया है, तो सवाल केवल विधेयक मंजूरी की देरी का नहीं है।

प्रश्न यह है कि पाँचवीं और छठी अनुसूची जैसे विशेष संवैधानिक प्रावधानों के बावजूद पिछले सात दशकों में राज्यपालों और राष्ट्रपति–दोनों ने ही इन संवैधानिक दायित्वों का पालन शायद ही कभी गंभीरता से किया। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला केवल सामान्य केंद्र-राज्य विवादों तक सीमित नहीं है, बल्कि पंचम और षष्ठम अनुसूची के क्षेत्रों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं और अधिकारों से भी गहराई से जुड़ा है। बहस इस पर नहीं है कि लोकतंत्र के संरक्षक के तौर पर राज्यपाल और राष्ट्रपति ने अपनी भूमिका नहीं निभाई है और इन्हें कैसे जबावदह बनाया जाए। संविधान सभा में जब पाँचवीं और छठी अनुसूची पर चर्चा हो रही थी, तब आदिवासी नेता जयपाल सिंह मुंडा ने साफ कहा थाः आदिवासी समाज हजारों वर्षों से अपनी ग्रामसभाओं और पारंपरिक शासन व्यवस्था से चलता आया है। यह केवल प्रशासनिक संरचना नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यदि संविधान इन परंपराओं को मान्यता नहीं देगा, तो आदिवासी समाज अपने को ठगा हुआ महसूस करेगा। इसी बहस के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भी स्पष्ट किया था कि अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन में राज्यपाल की भूमिका केवल औपचारिक नहीं होगी, बल्कि वह संरक्षक की तरह कार्य करेंगे। लेकिन दुख की बात है कि संविधान की यह दृष्टि कभी व्यवहार में नहीं उतरी। राज्यपाल राजनीतिक संतुलन साधने में उलझे रहे और राष्ट्रपति ने भी स्वतंत्र रिपोर्टों को नजरअंदाज कर दिया। आदिवासी इलाकों में राज्यपालों की निष्क्रियता पंचम अनुसूची विशेष रूप से अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातीय समुदायों के प्रशासन से संबंधित है। इसके अंतर्गत, अनुच्छेद 244(1) स्पष्ट करता है कि अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों का शासन विशेष प्रावधानों के अधीन होगा। राज्यपाल को यह शक्ति दी गई है कि वह इन क्षेत्रों में लागू होने वाले किसी भी राज्य विधान को, चाहे पारित हो चुका हो, अस्वीकार, संशोधित या निलंबित कर सकता है। राज्यपाल पर यह संवैधानिक दायित्व डाला गया है कि वह समय-समय पर राष्ट्रपति को अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन पर स्वतंत्र और निष्पक्ष रिपोर्ट भेजें। परंतु वास्तविकता यह है कि संविधान लागू होने के बाद से बार-बार रिपोर्टें समय पर और निष्पक्ष रूप में राष्ट्रपति को भेजे जाने का एक भी ठोस उदाहरण सामने नहीं आता। राज्यपालों ने इस शक्ति का उपयोग आदिवासियों के पक्ष में नीति-निर्माण को प्रभावित करने के लिए लगभग कभी नहीं किया।

राज्यपाल के वार्षिक प्रतिवेदन का मकसद राष्ट्रपति को उस वर्ष अनुसूचित क्षेत्र के प्रशासन, विकास, कल्याण कार्यों की स्थिति के बारे में सूचित करना होता है। झारखंड जैसे राज्यों के इन प्रतिवेदनों में चल रही कल्याणकारी योजनाओं का विवरण, लाभार्थियों की संख्या, खर्च का ब्यौरा और बजटीय आवंटन शामिल होता है। लेकिन बहुतायत में ऐसे प्रतिवेदनों में इन क्षेत्रों में आदिवासियों के भूमि अधिकारों की रक्षा, भूमि हस्तांतरण पर रोक, जनजातीय परामर्शदात्री परिषद के कार्य या प्रदर्शन का कोई जिक्र नहीं होता। इसके अलावा भूमि अधिग्रहण, वन अधिकार, खनन जैसे महत्वपूर्ण कानूनों के जनजातीय समुदायों पर पड़ने वाले प्रभावों को भी प्रतिवेदन में नहीं दशार्या जाता।

संविधान की अपेक्षाओं और व्यवहार में भारी अंतर रहा है। 2016 में जब झारखंड की राज्य सरकार ने भूमि अधिग्रहण और टेनेंसी कानूनों में संशोधन का प्रयास किया, तब राज्यपाल को संविधान की रोशनी में आदिवासी हितों की रक्षा करनी थी। लेकिन राज्यपाल की भूमिका केवल औपचारिक रही। झारखंड में खनन और जमीन अधिग्रहण के खिलाफ दर्जनों आंदोलन हो रहे हैं लेकिन राज्यपाल मौन हैं। पेसा कानून राज्य में लागू नहीं है, राज्यपाल बेफिक्र हैं।

छत्तीसगढ़ में सलवा जुडूम और नक्सल हिंसा में हजारों निर्दोष आदिवासी मारे गए, गाँव के गाँव जला दिए गए, राज्यपाल के कान पर जूं नहीं रेंग। हँसदेव की जमीन लूट ली गयी, जंगल साफ हो गए, वनाधिकार को ठेंगा दिखाया जाता रहा लेकिन राजपाल ने अपनी भूमिका नहीं निभाई। राज्य में पेसा कानून का क्रियान्वयन राज्यपाल के संरक्षण में होना था, परंतु ग्राम सभाओं को अधिकार देने की प्रक्रिया लगातार अधूरी पड़ी रही।

ढेबर आयोग सहित अनेक आयोगों ने जनजातीय परामर्शदात्री परिषद को निष्क्रिय, कमजोर और अप्रभावी बताया है तथा इसे सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। साथ ही राज्यपालों की भूमिका की भी आलोचना हुई है कि वे संवैधानिक जिम्मेदारी के बावजूद प्रशासन की वास्तविक चुनौतियों पर पर्याप्त रिपोर्टिंग नहीं करते।

2015 में केरल ने पांच जिलों में 2,133 बस्तियों, पांच ग्राम पंचायतों और दो वार्डों को अनुसूचित क्षेत्रों के रूप में अधिसूचित करने का प्रस्ताव पारित किया था और इसे अब भी केंद्र सरकार और राष्ट्रपति के मंजूरी का इंतजार है।

छठी अनुसूची पूर्वोत्तर भारत के राज्यों–असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा के लिए एक विशेष व्यवस्था करती है। इसमें स्वायत्त जिला परिषदों की स्थापना की गई है, जिनके पास भूमि, संस्कृति, न्याय, वन, संसाधन और शिक्षा से जुड़े व्यापक अधिकार निहित हैं। लेकिन इन परिषदों के निर्णयों के निरीक्षण और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी भी अंततः राज्यपाल पर डाल दी गई है। राज्यपाल यहां भी अंतिम निर्णायक बनते हैं कि कोई प्रस्ताव लागू होगा या नहीं। पूर्वोत्तर में जातीय संघर्ष और संसाधनों पर विवाद स्थायी समस्या बना हुआ है। छठी अनुसूची की परिषदों में बार-बार विवाद हुए, लेकिन गवर्नरों ने निर्णायक और संरक्षक की भूमिका शायद ही निभाई।

व्यवहार में देखा गया है कि राज्यपाल अक्सर इन परिषदों को न तो पर्याप्त अधिकारों के साथ कार्य करने देते हैं और न ही रिपोर्टिंग व निष्पक्ष निरीक्षण की अपनी भूमिका गंभीरता से निभाते हैं। परिणामस्वरूप, आदिवासी समाजों की वास्तविक आकांक्षाएं शासन व्यवस्था में पूर्णतः परिलक्षित नहीं हो पातीं।

सुप्रीम कोर्ट की समय सीमा सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 142 (जो कोर्ट को पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए कोई भी आदेश पारित करने की शक्ति देता है) का उपयोग करते हुए निम्नलिखित समय-सीमाएँ तय कीं है। राज्यपाल को बिल पर सहमति देना या असहमति जताना है तो यह 1 महीने के अंदर करना होगा। अगर बिल मनी बिल (वित्तीय विधेयक) नहीं है, तो उसे वापस करने के लिए 3 महीने का समय है। अगर बिल को राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजा गया है, तो उस पर फैसला 3 महीने के अंदर होना चाहिए। अगर विधानमंडल ने बिल को दोबारा पारित करके राज्यपाल के पास भेजा है, तो राज्यपाल को 1 महीने के अंदर सहमति देनी होगी। अगर कोई देरी होती है, तो राज्यपाल को लिखित में कारण बताना होगा और इसे राज्य सरकार को सूचित करना होगा।

संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को बिल पर सहमति देने, सहमति रोकने, बिल को (मनी बिल को छोड़कर) वापस भेजने और बिल को राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखने का विकल्प देता है।अनुच्छेद 201 उन बिल्स से संबंधित है जो राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजे जाते हैं। पहले इसमें कोई समय-सीमा नहीं थी, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने समय-सीमा तय कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से काफी पहले सरकारिया आयोग (1988) और पुंछी आयोग (2007) ने सुझाव दिया था कि राज्यपालों को बिल्स पर फैसला करने के लिए समय-सीमा तय की जानी चाहिए। यह भी सुझाव दिया गया था कि राज्यपाल की नियुक्ति से पहले संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से सलाह ली जानी चाहिए।

राज्यपाल की जबावदेही तय करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी हस्तक्षेप किया है। शमशेर सिंह (1974) के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल को मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करना चाहिए। एस.आर. बोम्मई (1994) मामले में राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्यपाल की भूमिका को न्यायिक समीक्षा के दायरे में लाने का फैसला दिया गया। रामेश्वर प्रसाद (2006) के मामले में राज्यपाल के व्यक्तिगत विवेक को सीमित किया गया।

आदिवासियों की संवैधानिक सुरक्षा को नई ताकत यह फैसला भारतीय लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक मोड़ है। यह न केवल राज्यों को राहत देता है, बल्कि अनुसूचित क्षेत्रों के लिए भी आशा की किरण है।

> छठी अनुसूची पूर्वोत्तर भारत के राज्यों–असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा के लिए एक विशेष व्यवस्था करती है। इसमें स्वायत जिला परिषदों की स्थापना की गई है, जिनके पास भूमि, संस्कृति, न्याय, वन, संसाधन और शिक्षा से जुड़े व्यापक अधिकार निहित हैं।

# वरिष्ठजन हैं अनुभव की विरासत एवं भविष्य की शक्ति



अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पीढ़ी ने अपने खून-पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पीढ़ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं। भारत जैसे देश में, जहां माता-पिता और बुजुर्गों को भगवान समान माना गया, जहां श्रीराम ने पिता की आज्ञा से राजपाट त्याग दिया और श्रवणकुमार ने अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थयात्रा कराई, वहां आज संतान और बुजुर्ग माता-पिता के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही हैं? क्यों वरिष्ठजन स्वयं को निरर्थक और अनुपयोगी समझने को विवश हैं? यह प्रश्न केवल परिवार के विघटन का नहीं है, यह नई पीढ़ी के संस्कार और समाज की आत्मा से भी जुड़ा है, यह नये समाज एवं नये राष्ट्र की आदर्श संरचना से भी जुड़ा है। वरिष्ठजन परिवार और समाज के लिए ताकत और सम्बल हुआ करते थे, वे जीवन को संवारने का सबसे बड़ा माध्यम थे। उनकी सूझ-बूझ, अनुभव और ज्ञान की संपदा समाज के लिए अमूल्य थी। फिर भी क्यों हम उनकी उपेक्षा कर रहे हैं? क्यों उनके अनुभवों का उपयोग करने से कतराते हैं? इस विडंबना को समझने के लिए हमें यह मानना होगा कि उपेक्षा का यह गलत प्रवाह केवल बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच भावनात्मक दूरी और संवेदना की कमी को भी बढ़ा रहा है। यदि यह प्रवृत्ति इसी तरह बढ़ती रही तो परिवार और समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी से विमुख हो जाएंगे। नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद और संवेदनशीलता का सेतु टूट जाएगा और यह स्थिति किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वरिष्ठजनों को उनके अंतिम पड़ाव में मानसिक शांति और सम्मान का माहौल मिले, वृद्धजन को भार नहीं, आभार माने, वृद्धों को बंधन के रूप में नहीं, आत्मगौरव के रूप में स्वीकारें, वृद्धों की शाम उदासी नहीं, उमंग का माध्यम बने। वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए। 2025 में यह विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवारों, मित्रों और संगठनों को प्रेरित करना है कि वे बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी जड़ें अमेरिका से जुड़ी हैं, जहां राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 1988 में इस दिवस की शुरूआत की। तब से यह दिवस सीमाओं से परे फैल गया है और संयुक्त राष्ट्र सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन वृद्धावस्था की गरिमा और अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। इस दिवस की इस वर्ष की थीम है-ह्लसमावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनानाह्व। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि वरिष्ठजनों की बात ध्यान से सुनी जाए और परिवार, समुदाय और नीतिगत निर्णयों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह विषय एक कार्रवाई का आह्वान है कि उम्र कभी भी भागीदारी और नेतृत्व में बाधा नहीं बननी चाहिए। वरिष्ठों को नेतृत्व के अवसर देना, उनकी कहानियां सुनना, उनकी सलाह लेना, उन्हें रचनात्मक दायित्व सौंपना, यही सच्चे सम्मान का मार्ग है। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जीवन संबंधी जटिल समस्याओं को हल करने में बुजुर्गों की सोच, धैर्य और दृष्टिकोण युवा पीढ़ी की तुलना में अधिक परिपक्व साबित होता है। यदि उन्हें कोई लक्ष्य दिया जाए तो वे अपनी धीमी गति की भरपाई अपने पैने नजरिए और बेहतर योजनाओं से कर लेते हैं। पारदर्शी सोच, परिणामों का आकलन और अच्छे-बुरे का विवेक जैसे गुण बुजुर्गों में अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसीलिए दफ्तरों, संस्थाओं और घरों में उन्हें उपेक्षित करना अनुचित ही नहीं, बल्कि हमारे लिए नुकसानदेह भी है। समाज में कई स्तरों पर ऐसे कदम उठाए जा सकते हैं, जिनसे बुजुर्ग स्वयं को उपेक्षित न महसूस करें। परिवारों में नियमित रूप से संगोष्ठियां हों जिनमें वरिष्ठजन अपने अनुभव साझा करें। स्कूलों में ग्रैंड-पैरेंट्स डे आयोजित हो, जिससे बच्चे अपने दादा-दादी से सीख सकें और बुजुर्गों को सक्रियता और अपनापन महसूस हो। समाज और धार्मिक संस्थाओं को संयुक्त संगोष्ठियां करनी चाहिए, जहां नई और पुरानी पीढ़ी एक-दूसरे को समझ सके। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और परिवारों को भी बुजुर्गों की क्षमताओं का रचनात्मक उपयोग करना चाहिए। छोटे-छोटे आयोजन जैसे परिवार के भोज, स्मृति पुस्तकों का निर्माण, या बच्चों और बड़ों के बीच कौशल साझा करने की गतिविधियां पीढ़ियों के बीच पुल का काम कर सकती हैं। आने वाले वर्षों में इसकी प्रासंगिकता और बढ़ जाएगी।

## संपादकीय

# उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग से पहले चुनाव आयोग का बड़ा फैसला, केंद्र के दो सचिवों को मिली अहम जिम्मेदारी



उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए वोटिंग से पहले चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार के दो अतिरिक्त सचिवों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने महाराष्ट्र के गवर्नर सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है। जबकि इंडिया गठबंधन ने बी सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। रेड्डी सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस रह चुके हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 21 अगस्त नामांकन का आखिरी दिन था। हालांकि दोनों उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। 25 अगस्त नामांकन वापसी की आखिरी तारीख है। अगर दोनों उम्मीदवारों में से कोई नामांकन वापस नहीं लेता है, तभी 9 सितंबर को चुनाव होगा। कैसे होता है चुनाव? बता दें कि उपराष्ट्रपति चुनाव में केवल सांसद वोटिंग करते हैं। ऐसे में राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों को मिलाकर इलेक्टोरल कॉलेज बनाया जाता है। वर्तमान में अगर हम संसद के दोनों सदनों में सांसदों की संख्या का जिक्र करें तो यह 782 होता है। यानी उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए 392 सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी। वर्तमान में लोकसभा में 542 जबकि राज्यसभा में 240 सांसद हैं। गणेश चतुर्थी की तिथि को लेकर असमंजस? जानें गणेशोत्सव की सही तारीख और मूर्ति स्थापना का मुहूर्त अक्षरा सिंह के इस गणपति भजन के साथ करें बप्पा का स्वागत, भक्ति रस से भरा है गाना गणेश चतुर्थी से पहले खूब सुना जा रहा अरविंद अकेला कल्लू का भोजपुरी भजन बीजेपी ने सीपी राधाकृष्णन को ही उपराष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए क्यों चुना? आंकड़ों के अनुसार एनडीए के पास 427 सांसदों का समर्थन है। वहीं विपक्ष के पास 355 सांसदों का समर्थन है। एनडीए के 293 लोकसभा सांसद हैं जबकि 134 राज्यसभा सांसद हैं। वहीं विपक्ष में 249 लोकसभा सांसद और 106 राज्यसभा सांसद हैं। कौन हैं सुदर्शन रेड्डी? इंडिया गठबंधन नेके उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी हैं। बी सुदर्शन ने हैदराबाद में ही पढ़ाई की और 1971 में उस्मानिया यूनिवर्सिटी से लॉ की डिग्री हासिल की। इसके बाद वह 1971 में ही एडवोकेट के तौर नामांकित हुए। उन्होंने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में रिट और सिविल मामलों में प्रैक्टिस की है। सुदर्शन ने 1988-90 के दौरान हाईकोर्ट में सरकारी वकील के तौर पर काम किया। उन्होंने उस्मानिया यूनिवर्सिटी के लिए कानूनी सलाहकार और स्थायी वकील के रूप में काम किया। सुदर्शन को 2 मई 1995 को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया। इसके बाद उन्हें 2005 में गुवाहाटी हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह 2007 में सुप्रीम कोर्ट के जज बने और 2011 में रिटायर हुए।

## (आस्था)

# राधा अष्टमी व्रत में इन नियमों का रखें ध्यान, वरना अधूरी रह सकती है पूजा, यहां जानिए क्या करें और क्या नहीं...

हर वर्ष पूरे भारत में राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। खासकर ब्रजभूमि और उत्तर प्रदेश में इस दिन अलग ही रौनक देखने को मिलती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस साल राधा अष्टमी 31 अगस्त 2025, रविवार को मनाई जाएगी। यह व्रत श्री राधा को समर्पित होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन व्रत और विधिपूर्वक पूजा करने से राधा रानी अपनी कृपा बरसाती है। साथ ही, वैवाहिक जीवन में प्रेम बढ़ता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। हालांकि इस दिन पूजा के दौरान कुछ नियमों का पालन करना अनिवार्य माना जाता है, वरना इससे दोष लग सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं इस दिन क्या करें और क्या नहीं राधा अष्टमी व्रत के दिन क्या करें? राधा अष्टमी के दिन स्नान कर शुद्ध वस्त्र धारण करने के बाद ही व्रत और पूजा का संकल्प लें। राधा अष्टमी व्रत के दिन ब्रह्मचर्य नियम का पालन करना जरूरी माना जाता है। इस दिन राधा रानी को ताजी चीजों का ही भोग लगाना चाहिए। राधा अष्टमी के दिन राधा जी की विधिपूर्वक पूजा करने के बाद व्रत कथा जरूर पढ़ें या सुनें। इस व्रत का पारण शुभ मुहूर्त में ही करना शुभ माना जाता है। व्रत का पारण उसी प्रसाद को ग्रहण करके करें, जिसे आपने पूजा में राधा रानी को भोग लगाया हो। इस व्रत का पारण करने से पहले जरूरतमंद लोगों दान या गौ सेवा जरूर करें। पारण करने के बाद बुजुर्गों का भी आशीर्वाद लेना चाहिए।नए घर में प्रवेश करने से पहले वास्तु के ये नियम जरूर जान लें, वरना बाद में हो सकता है पछतावा राधा अष्टमी व्रत के दिन क्या न करें? राधा रानी को भोग लगाने से पहले भोजन को कभी भी झूठा न करें। राधा अष्टमी के दिन व्रती को दिन में सोने से बचना चाहिए। इस दिन बाल, नाखून और दाढ़ी काटना वर्जित माना जाता है। व्रती इस दिन काले या गहरे रंग के कपड़े बिल्कुल भी न पहनें। इस दिन पीला या लाल वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है। महिलाएं इस दिन खुले बालों में पूजा न करें। पूजा के दौरान आप बाल बांध लें और चुनरी से सिर को ढक लें। जबकि पुरुष सिर पर रुमाल रखकर पूजा करें। राधा अष्टमी के दिन बाल धोना वर्जित माना जाता है। इसलिए इस दिन बाल धोने से बचें। आप अष्टमी तिथि के शुरू होने से बाल धो सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

**मेषः** आपकी जी–तोड़ मेहनत और परिवार का सहयोग इच्छित परिणाम देने में कामयाब रहेंगे। लेकिन तरक़्क़ी की रफ़्तार बरकरार रखने के लिए मेहनत इसी तरह जारी रखें। जिन लोगों ने जमीन खरीदी थी और अब उसे बेचना चाहते हैं उन्हें आज कोई अच्छा खरीदार मिल सकता है और जमीन बेचकर उन्हें अच्छा धन लाभ हो सकता है। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी खबर पूरे परिवार को खुशी देगी। शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और कोशिश करें कि यह ज्यादा–से–ज्यादा रुमानी हो। लंबित परियोजनाएँ पूरी होने की दिशा में बढ़ेंगी। आपको याद रखने की जरूरत है कि भगवान उसी की मदद करता है।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

**वृषभः** खुद को ज्यादा आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला होगा, बल्कि डर, ईर्ष्या और नफरत जैसे नकारात्मक मनोभावों में भी कमी आएगी। इस राशि के कुछ लोगों को आज जमीन से जुड़े किसी मुद्दे को लेकर धन खर्च करना पड़ सकता है। दोस्तों के साथ शाम को घूमने बाहर जाएँ, इससे आपको बहुत फायदा होगा। प्यार–मोहब्बत के मामले में दबाव बनाने की कोशिश न करें। कार्यक्षेत्र में आप खुद को खास महसूस करेंगे। हितकारी ग्रह कई ऐसे कारण पैदा करेंगे, जिनकी वजह से आज आप खुशी महसूस करेंगे।

**मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

**मिथुनः** उम्रदराज लोगों को अपनी सेहत का ध्यान रखने की जरूरत है। भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें। घर पर कोशिश करें कि कोई आपकी वजह से आहत न हो और परिवार की जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालें। प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है। आप अपने मातहतों से नाखुश हो सकते हैं, क्योंकि वे उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर रहे हैं। खाली वक्त का आज आप सदुपयोग करेंगे और उन कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे जो बीते दिनों पूरे नहीं हो पाए थे।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

**कर्कः** ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी आपके लिए फायदेमन्द साबित होंगे। बोलते समय और वित्तीय लेन–देन करते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। आपके जीवन–साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है। रोमांस आपके दिल पर काबिज है। ऐसा लगता है कि कुछ समय के लिए आप नितांत एकाकी है। सहकर्मी/सहयोगी मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं, लेकिन वे ज्यादा सहायता नहीं कर पाएंगे। आज आपको अचानक किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**सिहंः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

**सिंहः** आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ खींचेगा। आज आप घर से बाहर तो बहुत सकारात्मकता के साथ निकलेंगे लेकिन किसी कीमती वस्तु के चोरी होने की वजह से आपका मूड खराब हो सकता है। आज के दिन आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यथार्थवादी रवैया अपनाएँ और जो आपकी ओर मदद का हाथ बढ़ाएँ, उनसे किसी चमत्कारकी उम्मीद न करें। सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है। आज के दिन आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।

**कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

**कन्याः** आज के दिन आप काम को अलग रखकर थोड़ा आराम करें और कुछ ऐसा करें जिसमें आपकी दिलचस्पी हो। यदि शादीशुदा हैं तो आज अपने बच्चों का विशेष ख्याल रखें क्योंकि यदि आप ऐसा नहीं करते तो उनकी तबीयत बिगड़ सकती है और आपको उनके स्वास्थ्य पर काफी पैसा खर्च करना पड़ सकता है। एक–दूसरे का नजरिया समझकर व्यक्तिगत समस्याएँ सुलझाएँ। इसे औरों के सामने न लाएँ, नहीं तो बदनामी हो सकती है। मुहब्बत की टीस आज रात आपको सोने नहीं देगी।

**तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

**तुलाः** सेहत अच्छी रहेगी। आज यदि आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा रहे हैं तो पैसा सोच समझकर खर्च करें। धन हानि हो सकती है। आज के दिन बिना कुछ खास किए आप आसानी से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहेंगे। अपने प्रिय की नाराजगी के बावजूद अपना प्यार जाहिर करते रहें। किसी नयी परियोजना पर काम करने से पहले अच्छी तरह सोच–विचार लें। तनाव से भरा दिन, जब नजदीकी लोगों से कई मतभेद उभर सकते हैं। अपने जीवनसाथी के किसी काम की वजह से आप कुछ शर्मिन्दगी महसूस कर सकते हैं।

**वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

**वृश्चिकः** दोस्त आपका परिचय किसी खास इंसान से कराएंगे, जो आपकी सोच पर गहरा प्रभाव डालेगा। आपका कोई पड़ोसी आज आपसे धन उधार मांगने आ सकता है, आपको सलाह दी जाती है कि उधार देने से पहले उनकी विश्वसनीयता अवश्य जांच लें नहीं तो धन हानि हो सकती है। घर का कुछ समय से टलता आ रहा काम–काज आपका थोड़ा वक़्त ले सकता है। आपका हमदम आपको पूरे दिन याद करता रहेगा। उसे कोई प्यारा सरप्राइज देने की योजना बनाएँ और इसे उसके लिए एक खूबसूरत दिन में तब्दील करने के बारे में सोचें। रचनात्मक काम में लगे लोगों के लिए सफलता से भरा दिन है।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

**धनुः** मुस्कुराएँ, क्योंकि यह सभी समस्याओं का सबसे उम्दा इलाज है। आज आपको अपना धन खर्च करने की जरुरत नहीं पड़ेगी क्योंकि घर का कोई बड़ा आज आपको धन दे सकता है। किसी दूर के रिश्तेदार के यहाँ से मिली आकस्मिक अच्छी खबर आपके पूरे परिवार के लिए खुशी के लम्हे लाएगी। आज किसी ऐसे इंसान से मिलने की संभावना है जो आपके दिल को गहराई से छूएगा। आप आप अपने उद्देश्यों की पूर्ति करने में सफल रहेंगे, बशर्ते इसके लिए आप दूसरों से मदद लें तो। काम को समय पर निपटाकर जल्दी घर जाना आज आपके लिए अच्छा रहेगा।

**मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

**मकरः** आज आप खेल–कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे, ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. आज के दिन आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यथार्थवादी रवैया अपनाएँ और जो आपकी ओर मदद का हाथ बढ़ाएँ, उनसे किसी चमत्कारकी उम्मीद न करें। सम्हल कर दोस्तों से बात करें, क्योंकि आज के दिन दोस्ती में दरार पड़ने की आशंका है। चीजें कार्यक्षेत्र में बेहतर नजर आती हैं। पूरे दिन आपका मिजाज बढ़िया रहेगा।

**कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

**कुंभः** आपका दानशीलता का व्यवहार आपके लिए छुपे हुए आशीर्वाद की तरह सिद्ध होगा, क्योंकि यह आपको शक, अनास्था, लालच और आसक्ति जैसी खराबियों से बचाएगा। आज के दिन आप ऊर्जा से लबरेज रहेंगे और मुमकिन है कि अचानक अनदेखा मुनाफा भी मिले। पुराने परिचितों से मिलने–जुलने और पुराने रिश्तों को फिर से तरोताजा करने के लिए अच्छा दिन है। रोमांस आपके दिल पर काबिज है। आप लम्बे समय से दफ़्तर में किसी से बात करना चाह रहे थे। आज ऐसा होना मुमकिन है।

**मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**


**मीनः** आपकी जी–तोड़ मेहनत और परिवार का सहयोग इच्छित परिणाम देने में कामयाब रहेंगे। लेकिन तरक़्क़ी की रफ़्तार बरकरार रखने के लिए मेहनत इसी तरह जारी रखें। जिन लोगों ने जमीन खरीदी थी और अब उसे बेचना चाहते हैं उन्हें आज कोई अच्छा खरीदार मिल सकता है और जमीन बेचकर उन्हें अच्छा धन लाभ हो सकता है। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी खबर पूरे परिवार को खुशी देगी। शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और कोशिश करें कि यह ज्यादा–से–ज्यादा रुमानी हो। लंबित परियोजनाएँ पूरी होने की दिशा में बढ़ेंगी।

दैनिक भेल पॉवर

भोपाल, शुक्रवार 22 अगस्त 2025



## पलक तिवारी ने इब्राहिम अली संग अपने अफेयर पर किया रिएक्ट



श्वेता तिवारी की लाडली पलक तिवारी इन दिनों मालदीव में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं. हाल ही में पलक ने अपनी कुछ बिकिनी फोटोज शेयर की थीं, जो सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो गईं. वहीं एक्ट्रेस के रूमर्ड बॉयफ्रेंड इब्राहिम अली खान भी इन दिनों मालदीव में हैं और वह लगातार अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर रहे हैं. दोनों की तस्वीरें देखकर यह कयास लगाए जा रहे हैं कि पलक और इब्राहिम मालदीव में एक-साथ वेकेशन मना रहे हैं. बता दें कि इस वेकेशन से पहले भी पलक और इब्राहिम को कई बार एक-साथ स्पॉट हो चुके हैं. लेकिन कुछ समय पहले पलक ने इब्राहिम अली खान संग अपने रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी थी. एक्ट्रेस पलक तिवारी ने कुछ महीनों पहले सिद्धार्थ कनन को एक इंटरव्यू दिया था. इस इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने इब्राहिम संग अपने रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी थी. एक्ट्रेस ने पॉडकास्ट में कहा था,मैं और इब्राहिम केवल पब्लिक इवेंट या फिर सोशल गैदरिंग में मिलते हैं. इसके अलावा हम दोनों कभी टच में नहीं रहे और ना ही इब्राहिम ने मुझे कभी मैसेज किया. वह केवल मेरा एक अछा दोस्त है और मैं उसकी कंपनी को एंजॉय करती हूं. बता दें कि एक्ट्रेस पलक तिवारी ने पिछले साल रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आई थीं. इस मूवी से श्वेता तिवारी की लाडली ने डेब्यू किया था. इसके अलावा वह म्यूजिक वीडियोज भी कर चुकी हैं. वहीं इब्राहिम अली खान की बात करें तो सैफ अली खान और अमृता सिंह के लाडले जल्द ही फिल्मों में कदम रखने वाले हैं. इब्राहिम को फेमस फिल्ममेकर करण जौहर लॉन्च करने वाले हैं. बता दें कि इब्राहिम अली खान फिल्म सरजमीन से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे. कायोज ईरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में एक्ट्रेस काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल में दिखेंगे. बता दें कि कायोज बोमन ईरानी के बेटे हैं।



## नयनतारा और धनुष के बीच बढ़ा तनाव

सुपरस्टार नयनतारा पर आधारित आगामी स्ट्रीमिंग डॉक्यूमेंट्री 'नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरी टेल' ने अभिनेत्री और सुपरस्टार धनुष के बीच दरार पैदा कर दी है। अभिनेत्री ने धनुष को तब आड़े हाथों लिया जब उन्होंने डॉक्यूमेंट्री में बिना अनुमति के कुछ क्लिप के इस्तेमाल को लेकर मुआवजे की मांग करते हुए उन्हें कानूनी नोटिस भेजा। शनिवार को, अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर धनुष को संबोधित एक लंबा पत्र साझा किया, जिसमें उन्होंने धनुष पर बंदूक तान दी क्योंकि वह उनकी डॉक्यूमेंट्री की रिलीज़ को रोकने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि इसमें फिल्म 'नानम राउडी धान' के फुटेज शामिल हैं। उन्होंने लिखा, आप जैसे सुस्थापित अभिनेता, अपने पिता और अपने भाई, एक बेहतरीन निर्देशक के समर्थन और आशीर्वाद के साथ, इसे पढ़ने और समझने की जरूरत है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि सिनेमा मेरे जैसे लोगों के लिए अस्तित्व की लड़ाई है, एक स्व-निर्मित महिला जिसका उद्योग में कोई संबंध नहीं है और जिसे आज जिस मुकाम पर मैं हूँ, वहाँ तक पहुँचने के लिए संघर्ष करना पड़ा। मैं यह सब अपने काम के प्रति अपनी नैतिकता के कारण कर सकती हूँ, जो मुझे जानने वाले सभी लोगों के लिए कोई रहस्य नहीं है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह दर्शकों और मेरी फिल्म बिरादरी की सद्भावना है। उन्होंने साझा किया कि उनके कई प्रशंसकों को उनकी नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री की रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार था। उन्होंने आगे कहा, हमारे सामने आने वाली सभी कठिनाइयों के बावजूद इस प्रोजेक्ट को एक साथ लाने के लिए सहयोगियों और फिल्म मित्रों की एक पूरी टीम की ज़रूरत थी। आप और मेरे साथी ने फिल्म के खिलाफ़ जो प्रतिशोध लिया है, उसका असर सिर्फ़ हम पर ही नहीं बल्कि उन लोगों पर भी पड़ा है जिन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए अपना प्रयास और समय दिया है। मेरे, मेरे जीवन, मेरे प्यार और शादी के बारे में इस नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री में मेरे कई उद्योग शुभचिंतकों के क्लिप शामिल हैं जिन्होंने उदारतापूर्वक योगदान दिया है और कई फिल्मों की यादें भी शामिल हैं।







## जेनिफर विंगेट के सामने बिपाशा बसु भी हैं फेल

*वो पर्सनल लाइफ की बात करें तो जेनिफर ने बिपाशा बसु के पति और एक्टर करण सिंह ग्रोवर से शादी की थी. लेकिन 2 साल में ही दोनों अलग हो गए.जेनिफर शादी टूटने के बाद भी मजबूत रही और अपनी करियर में खूब सफलता हासिल की. साथ ही एक्ट्रेस खुद को बेहद फिट भी रखती हैं.एक्ट्रेस अपने काम के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं. जहां वो कभी साड़ी, कभी सूट तो कभी बिकिनी में अपने हुस्न का जलवा बिखेरती हैं.*

एक्ट्रेस जेनिफर अपने परफेक्ट फिगर और ग्लैमरस अवतार के लिए हर दिन चर्चा में रहती हैं. यहां हम आपके लिए उनकी खूबसूरत तस्वीरें लाए हैं. जिन्हें देख आपकी नजरें एक्ट्रेस पर ठहर जाएंगी.जेनिफर विंगेट सिर्फ टीवी ही नहीं कई वेब सीरीज में भी अपनी एक्टिंग के जलवे बिखेर चुकी हैं. उनका काम और स्टाइलिश अंदाज हर किसी को बेहद पसंद है. एक्ट्रेस 40 साल की हो चुकी हैं और इस ऐज भी काफी खूबसूरत और फिट दिखती हैं. आज हम आपको उनकी कुछ ऐसी तस्वीरें दिखा रहे हैं. जो आपको भी दीवाना बना देंगी.जेनिफर ने साल 1995 में फिल्म अकेले हम अकेले तुम से एक्टिंग में कदम रखा था. फिर वो टीवी शो शाका लाका बूम बूम में नजर आई और कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. अपने लंबे करियर में जेनिफर ने कसौटी जिंदगी की, दिल मिल गए, और बेपनाह समेत कई हिट शोज में काम कर चुकी हैं. वहीं टीवी शोज के अलावा जेनिफर ने ओटीटी पर भी कब्जा जमाया हुआ है. वो पर्सनल लाइफ की बात करें तो जेनिफर ने बिपाशा बसु के पति और एक्टर करण सिंह ग्रोवर से शादी की थी. लेकिन 2 साल में ही दोनों अलग हो गए.जेनिफर शादी टूटने के बाद भी मजबूत रही और अपनी करियर में खूब सफलता हासिल की. साथ ही एक्ट्रेस खुद को बेहद फिट भी रखती हैं.एक्ट्रेस अपने काम के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं. जहां वो कभी साड़ी, कभी सूट तो कभी बिकिनी में अपने हुस्न का जलवा बिखेरती हैं.जेनिफर का परफेक्ट फिगर देख कोई भी उनकी उम्र का अंदाजा नहीं लगा सकता. फैंस उनकी हर पोस्ट पर बेशुमार प्यार लुटाते हैं.इस व्हाइट साड़ी में जेनिफर किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही. माथे की बिंदी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है.जेनिफर को इंस्टाग्राम पर 18 मिलियन से भी ज्यादा लोग फॉलो करते हैं. यही वजह है कि उनकी तस्वीरें अपलोड होते ही वायरल होने लगती है.आपको जानकर हैरानी होगी कि सिर्फ हुस्न ही नहीं फॉलोवर्स के मामले में भी जेनिफर ने बिपाशा को मात दे रखी है. बिपाशा को इंस्टा पर 14.1 मिलियन लोग फॉलो करते हैं।

## दीपिका ने अल्लू अर्जुन और एटली के साथ अगली फिल्म के लिए 100 दिन आवंटित किए

अल्लू अर्जुन और एटली भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक, जिसका नाम 22x6 है, की शूटिंग में व्यस्त हैं। अपनी तरह की अनूठी अल्टरनेटिव रियलिटी फिल्म कही जा रही 22x6 का बजट बहुत बड़ा है और निर्माताओं ने फिल्म के एक्शन और विजुअल्स डिज़ाइन करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय क्रू को शामिल किया है। निर्माताओं ने अल्लू अर्जुन के साथ दीपिका पादुकोण और रश्मिका मंदाना, जान्हवी कपूर और मृणाल ठाकुर जैसे कई स्टार कलाकारों को फिल्म में शामिल किया है। दीपिका पादुकोण नवंबर महीने से अल्लू अर्जुन और एटली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक सूत्र ने बताया, दीपिका पादुकोण ने फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है और उ मीद है कि वह नवंबर 2025 में सेट पर शामिल होंगी।



उन्होंने फिल्म की शूटिंग के लिए 100 दिन निर्धारित किए हैं और उ मीद है कि वह इस पूरी यात्रा में नाटकीय और एक्शन से भरपूर दृश्य करेंगी। अल्लू अर्जुन के साथ दीपिका पादुकोण का यह अंदाज़ पहले कभी नहीं देखा गया। टीम ने दीपिका के किरदार के लिए एक योद्धा का खास लुक और हथियार भी तैयार किए हैं।

## ऐश्वर्या राय द्वारा ठुकराई गई ब्लॉकबस्टर फिल्म ने कमाए 4100 करोड़

भारत की सबसे बड़ी स्टार ऐश्वर्या राय बचन ने हमें देवदास, हम दिल दे चुके सनम और पोन्नियिन सेलवन जैसी अविस्मरणीय फिल्में दी हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्होंने कुछ हॉलीवुड फिल्में ठुकरा दी थीं जो बहुत बड़ी हिट साबित हुईं? आइए इन आश्चर्यजनक फैसलों पर करीब से नज़र डालें। मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ: एक चूकी ब्लॉकबस्टर ऐश्वर्या को मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ में ब्रैड पिट के साथ जेन स्मिथ की भूमिका की पेशकश की गई थी। इस फिल्म ने दुनिया भर में 4,100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की और ब्रैंजेलिना को मशहूर बना दिया। हालांकि, ऐश्वर्या ने इसे ठुकरा दिया क्योंकि वह अंतरंग दृश्यों के साथ सहज नहीं थीं। आखिरकार एंजेलिना जोली ने यह भूमिका निभाई और फिल्म ब्लॉकबस्टर बन गई। उन्हें ट्रॉय में ब्रिसिस की भूमिका की भी पेशकश की गई थी, जिसमें ब्रैड पिट ने अकिलीज़ की भूमिका निभाई थी। हालांकि, ऐश्वर्या फिल्मांकन के लिए आवश्यक 6-9 महीनों के लिए प्रतिबद्ध नहीं हो सकीं, क्योंकि उनके पास बॉलीवुड प्रोजेक्ट थे। ब्रैड पिट ने बाद में कहा कि उन्हें ऐश्वर्या के साथ काम न करने का पछतावा है। ऐश्वर्या को विल स्मिथ के साथ दो फिल्मों के लिए संपर्क किया गया था – हैनकॉक और हिच। शेड्यूलिंग संघर्ष और कुछ दृश्यों को लेकर असहजता के कारण उन्होंने मना कर दिया। ये भूमिकाएँ क्रमश: चार्लीज़ थेरॉन और ईवा मेंडेस को मिलीं। इन बड़ी फिल्मों को अस्वीकार करने के बावजूद ऐश्वर्या ने ब्राइड एंड प्रेजुडिस और द पिंक पैंथर 2 जैसी फिल्मों के साथ हॉलीवुड में अपनी चमक बिखेरी। उनके फैसलों से पता चलता है कि वह अपने सिद्धांतों और प्रतिबद्धताओं को महत्व देती हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में दो की मौत पर एनएचएआई के अज्ञात अधिकारी पर मुकदमा

**लोनी।** ट्रॉनिका सिटी थाना दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे पावी के सामने बाइक पर स्टंट करने के दौरान दो बाइकों के टकराने पर दो की मौत के बाद पुलिस ने एनएचएआई के अज्ञात अधिकारी व कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज किया है। मृतक अध्यापक के परिजनों ने बाइक सवार युवक और एनएचएआई से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ शिकायत दी थी। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि इस घटना में मृतक सुबोध कुमार निवासी बागपत के भाई प्रशांत ने पुलिस को शिकायत दी थी। जिसमें बाइक पर स्टंट कर रहे चालक रोहित व एनएचएआई संबंधित अधिकारियों पर आरोप लगाए थे। प्रशांत कुमार का आरोप है कि सड़क पर काम चलने के बावजूद एनएचएआई की ओर से इस मार्ग को बंद नहीं किया गया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि 13 अगस्त की शाम सुबोध कुमार दिल्ली स्थित स्कूल से बाइक पर घर की तरफ आ रहे थे। जैसे ही वह दिल्ली-देहरादून हाईवे पर पाबी सादकपुर गांव के सामने पहुंचे, तो मंडोला की ओर से बाइक पर स्टंट करते आ रहे रोहित निवासी करावल नगर दिल्ली की बाइक से भिड़ गई। हादसे में भाई व उनका साथी और बाइक पर स्टंट कर रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि बाइक पर स्टंट करने वाले युवक के परिजन उसे पास के अस्पताल में लेकर पहुंचे। जबकि भाई सुबोध व उनके साथी को पुलिस ने लोनी के संयुक्त अस्पताल लेकर पहुंची। चिकित्सक ने घायलों को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान चिकित्सक ने उनके भाई को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे घायल को उसके परिजन उपचार के लिए मेरठ ले गए। बाइक पर स्टंट करने वाले घायल युवक की भी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी।

### सड़क पर ईंट लगाने पर दो पक्षों में चले लाठी डंडे, रिपोर्ट दर्ज

**लोनी।** गली में ईंट लगाने को लेकर पूजा कॉलोनी में दो पक्षों में लाठी डंडों से मारपीट हो गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है। पूजा कॉलोनी मंगल बाजार निवासी ललित ने पुलिस को बताया कि वह मकान का निर्माण करा रहें है। उनकी गली में सोनू रहता है। सोनू ने मंगलवार शाम को मकान के लिए ईंट मंगाई थी। ट्रैक्टर चालक ईंटें मकान के सामने उतारकर चला गया। इस पर ईंटें हटाने को लेकर दोनों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। आरोप है कि सोनू के परिजन लाठी डंडे ले आए और उनके व परिवार के साथ मारपीट की।

### पुलिस मुठभेड़ में लूट का आरोपी गिरफ्तार, साथी भागा

**साहिबाबाद (गाजियाबाद)।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल व चेन छिनैती की वारदातों को अंजाम देने वाले एक युवक को पुलिस ने बुधवार की सुबह मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नंदग्राम के 30 फुटा रोड स्थित गली नंबर 11 का रहने वाला अमन है। मुठभेड़ के दौरान उसका साथी दिल्ली निवासी शिवम मौका मिलते ही पुलिस से बचकर भाग गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी की बाइक, तमंचा और छीना हुआ मोबाइल बरामद किया है। मुठभेड़ के दौरान अमन के पैर में गोली लगने की वजह से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि बुधवार तड़के साहिबाबाद पुलिस सिटी फॉरेस्ट से नागद्वार चौराहे की तरफ आने वाले मार्ग पर चेकिंग कर रही थी।

# हिंडन में सफाई तो हुई नहीं डूब क्षेत्र में बनते गए मकान

**साहिबाबाद।** हिंडन के प्रति अधिकारियों की लापरवाही कुछ इस तरह की रही कि न तो इन्होंने कभी हिंडन को साफ करने में दिलचस्पी दिखाई और न ही इस क्षेत्र में बनते गए मकानों की कोई सुध ली। अवैध तौर पर डूब क्षेत्र में कालोनियां बसती गईं लेकिन अधिकारी आंखें मूंदे रहे। वर्ष 2023 में आई बाढ़ ने अधिकारियों की लापरवाही का चिट्ठा खोल दिया, जब हिंडन में पानी बढ़ा और यह अपने स्वरूप में आई, इस दौरान करहेड़ा में 200 से अधिक मकान डूब गए।



हिंडन किनारे करहेड़ा, हिंडन विहार, बालाजी विहार, कंच कॉलोनी जैसी कई इलाके हैं जो डूब क्षेत्र में बसा दी गईं। करहेड़ा निवासी व पूर्व पार्षद बिजेंद्र चौहान का कहना है कि पिछले दो दशक में कभी भी किसी भी विभागीय स्तर से उन लोगों ने हिंडन में काम होते नहीं देखा। किनारे में कच्ची कालोनियां कटती गईं, शिकायतों के बाद भी अधिकारी आंखें मूंदे रहे। हिंडन किनारे कई अनधिकृत कालोनियां बस चुकी हैं, जो डूब क्षेत्र में आती हैं। वर्ष 2023 में जब बाढ़ का पानी हिंडन में आया तो नदी के पानी में कई कॉलोनियां जलमग्न हो गईं थी। उस दौरान लोगों ने अपना घर छोड़ रिश्तेदारों के यहां शरण ली थी। फेडरेशन ऑफ एओए के संरक्षक आलोक कुमार ने एनजीटी एवं सुप्रीम कोर्ट में हिंडन नदी की जमीन पर कालोनियां बसने की शिकायत की थी। आलोक कुमार का कहना है कि अधिकारियों की मिली भगत से नदी की जमीन पर कालोनियां बस रही हैं, जिसमें आम नागरिक का पैसा फंस रहा है। उन्होंने कहा कि यहां रहने वाले लोग मौत के मुहाने पर ही हैं। समाजसेवी व करहेड़ा निवासी सुशील निर्वाण का कहना है कि अधिकारी यदि हिंडन की सुध लेते तो यह दशा न होती। आज यह एक गंदे नाले में तब्दील है, जिसके किनारे लोगों ने घर बनाए हैं।

समाजसेवी सुशील राघव की एक याचिका की सुनवाई के बाद एनजीटी ने डूब क्षेत्र व अर्थला झील पर हुए अवैध निर्माण को तोड़ गिराने का आदेश जारी किया था। वर्ष 2019 के इस आदेश पर नगर निगम ने पहली बार बड़ी कार्रवाई की थी। बावजूद इसके यहां दोबारा से मकान बन गए लेकिन फिर किसी ने सुध नहीं ली। हिंडन नदी में कई दिनों से लगातार पानी का स्तर बढ़ रहा है। हिंडन में पानी का स्तर 1970 क्यूसेक हो चुका है। पानी का स्तर बढ़ने के साथ ही डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों की चिंता भी बढ़ने लगी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बुधवार को इस संबंध में बैठक भी की। अधिकारियों का कहना है कि अभी हालात खतरे से बाहर है, आने वाले दिनों में जो भी हो, उसके लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी की हुई है।

**जिलाधिकारी ने ली सुध :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार जांगिड़ ने बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान हिंडन नदी को प्रत्येक स्तर पर साफ-स्वच्छ बनाने के विषय पर चर्चा की। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि जब तक बड़े स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तब तक हम छोटे-छोटे स्तर पर हिंडन नदी को स्वच्छ व सुंदर बनाने का प्रयास किया जा सकता है।

# शेल्टर होम में लावारिस कुत्तों की 2-3 साल बढ़ जाएगी उम्र, सड़क हादसों और बीमारियों से मिलेगी मुक्ति



### सेहत का भी रखा जाएगा ख्याल

एमसीडी के अनुसार, शेल्टर होम में कुत्तों को पर्याप्त खुला स्थान मिलेगा, जहां वे सुरक्षित तरीके से घूम-फिर सकेंगे। नियमित टीकाकरण, नसबंदी और स्वास्थ्य निगरानी के जरिए बीमारियों का खतरा काफी हद तक कम हो जाएगा। बीमार होने पर उन्हें तुरंत उपचार और रिकवरी तक निगरानी में रखा जाएगा, एमसीडी ने बताया कि पहले चरण में राजधानी के विभिन्न इलाकों में शेल्टर होम बनाए जाएंगे, जिनमें सैकड़ों कुत्तों को रखा जा सकेगा। यहां उनकी पूरी देखरेख, पोषण और चिकित्सा का जिम्मा निगम के साथ जुड़ी पशु चिकित्सा टीमों के पास होगा।

**नई दिल्ली :** राजधानी में लावारिस कुत्तों के लिए बनाए जाने वाले शेल्टर होम न सिर्फ उन्हें सुरक्षित ठिकाना देंगे, बल्कि उनकी औसत आयु भी बढ़ा देंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि सड़क पर भटकते रहने के बजाय यदि कुत्ते सुरक्षित और स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस शेल्टर में रहें, तो उनकी जिंदगी दो से तीन साल लंबी हो सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि वहां न तो उन्हें सड़क हादसों का खतरा रहेगा और न ही संक्रमित बीमारियों की चपेट में आने की संभावना रहेगी।

एमसीडी के अनुसार, शेल्टर होम्स में कुत्तों की देखरेख के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। यहां उन्हें नियमित भोजन, साफ-सुथरा वातावरण और समय-समय पर चिकित्सा जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। एमसीडी के अधिकारियों का कहना है कि हर शेल्टर होम्स में पशु चिकित्सक और सहायक स्टाफ तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या का तुरंत इलाज हो सके। साथ ही, बीमार या घायल कुत्तों को प्राथमिक उपचार के बाद लंबे समय तक निगरानी में रखा जाएगा। एमसीडी के पशु विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. वीके सिंह ने बताया, फिलहाल राजधानी में लावारिस कुत्तों की औसत आयु पांच से छह साल ही होती है। इसकी सबसे बड़ी वजह सड़क दुर्घटनाएं और संक्रमणजनित बीमारियां हैं। सड़क पर भटकते हुए कुत्ते आए दिन वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। इसके अलावा, कचरे में खाना खोजने के दौरान वे कई तरह के वायरस, बैक्टीरिया और परजीवियों के संपर्क में आते हैं, जो गंभीर बीमारियां पैदा करते हैं। डॉ. सिंह के अनुसार, आम तौर पर स्वस्थ पालतू कुत्ते की उम्र आठ से नौ साल मानी जाती है, लेकिन दिल्ली की मौजूदा परिस्थितियों में खुले में रहने वाले कुत्तों की जिंदगी इतनी लंबी नहीं हो पाती। अगर इन्हें शेल्टर होम जैसे सुरक्षित वातावरण में रखा जाए, जहां न तो ट्रैफिक का खतरा होगा और न ही गंदगी या प्रदूषण का असर पड़ेगा। ऐसे में वह अधिक समय तक जीवित रहेंगे।

# एक साल में रुपये दोगुने कराने का झांसा देकर 51.60 लाख की ठगी




**फरीदाबाद।** शेयर बाजार में निवेश करने पर रकम को एक साल में दोगुना कराने का झांसा देकर व्यक्ति से 51.60 लाख रुपये ठग लिए गए। महिला समेत तीन आरोपियों ने खुद को पेशेवर निवेश सलाहकार बताकर शिकायतकर्ता को झांसे में लिया। आरोप है कि अगस्त 2024 से लेकर मार्च 2025 के दौरान ये ठगी हुई। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। ठगी को लेकर पुलिस को यह शिकायत सेक्टर-88 इलाके के रहने वाले अजीत सिंह ने दी है। इनका कहना है कि जितेंद्र शर्मा, सतेंद्र मीना और रितू शर्मा ने इनसे अगस्त 2024 में संपर्क किया। आरोपियों ने कहा कि वो पेशेवर निवेश सलाहकार हैं और शेयर बाजार में निवेश के सुझाव देते हैं। आरोपियों ने अन्य निवेशकों की वेबसाइट और प्रोफाइल दिखाकर दावा किया कि एक साल में निवेश की रकम को दोगुना करा देंगे। शिकायतकर्ता उनके झांसे में आ गए और आरोपियों ने डीमेट खाता खुलवाने की कही। आरोपियों ने इस खाते की कोई डिटेल शिकायतकर्ता को नहीं दी। आरोप है कि अलग-अलग ट्रांजेक्शन में आरोपियों ने 51.60 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। रिफंड मांगा गया तो आरोपी बहाने बनाने लगे। बाद में आरोपियों ने रुपये लौटाने से इंकार कर दिया। तब मामला पुलिस के पास पहुंचा। साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस ने अब एफआईआर दर्ज की है।

### बैंक की लापरवाही से नहीं मिली बीमा राशि, आयोग ने लगाया एक लाख रुपये जुर्माना

**गाजियाबाद।** पत्नी के निधन के बाद पति को बीमा इंश्योरेंस की धनराशि नहीं मिलने पर उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने बैंक ऑफ इंडिया पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। आयोग के अध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन ने निर्णय में कहा कि बैंक की लापरवाही और सेवा में कमी से बीमाधारक को योजना का लाभ नहीं मिला। निर्णय में पांच हजार रुपये अतिरिक्त खर्च और मानसिक पीड़ा के लिए देने का आदेश दिया है। आयोग से मिली जानकारी के अनुसार सर्वोदय नगर निवासी जगदीश कुमार की पत्नी का बैंक ऑफ इंडिया में खाता था। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा लिया था। खाताधारक की मृत्यु 16 जून 2018 को इलाज के दौरान हो गई थी। बीमा पॉलिसियों के तहत परिवार को चार लाख रुपये की राशि मिलनी थी, लेकिन बैंक ने यह कहकर मना कर दिया कि जीवन बीमा योजना का नवीनीकरण नहीं हुआ था। वहीं जगदीश कुमार का कहना था कि बीमा की राशि हर साल खाते से स्वतः कटती थी। इसे बंद कराने के लिए किसी तरह की कोई अर्जी भी नहीं दी गई थी। उन्होंने कई बार बैंक से संपर्क किया लेकिन कोई मदद नहीं मिली। उल्टा उन्हें डांटकर भगा दिया गया।

**बैंक ने समय पर नहीं काटी बीमा की किस्त**

आयोग ने सुनवाई के बाद पाया कि बैंक ने समय पर बीमा की किस्त नहीं काटी और न ही उपभोक्ता को इसकी जानकारी दी। इस आधार पर उपभोक्ता फोरम ने माना कि बैंक की सेवा में लापरवाही हुई है। फोरम ने बैंक ऑफ इंडिया और उसके मुख्य कार्यालय को आदेश दिया कि वे एक लाख रुपये हजार्ना और पांच हजार रुपये अन्य खर्च के रूप में 45 दिन के भीतर जगदीश कुमार को दें। यदि तय समय पर भुगतान नहीं होता, तो छह वार्षिक ब्याज के साथ यह रकम देनी होगी। बीमा कंपनियों और अन्य पक्षों को फोरम ने दोषमुक्त कर दिया।

### हत्या से पहले पति-पत्नी के विवाद का वीडियो आया सामने, स्वाति पर चाकू से किए थे छह वार

**मोदीनगर।** हापुड़ मार्ग स्थित विवाहिता स्वाति उर्फ शिवानी की हत्या से पहले हुए पति-पत्नी के विवाद का वीडियो सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार स्वाति पर चाकू से छह वार किए गए थे। हत्यारोपी पति जितेन्द्र अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस का दावा है कि चार टीमें आरोपी जितेन्द्र की तलाश में दबिश दे रही हैं।

गांव गदाना में सोमवार रात पति जितेन्द्र और पत्नी स्वाति के बीच हुए विवाद के बाद पति जितेन्द्र ने चाकू से हमला कर स्वाति की हत्या कर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार स्वाति के पेट, गले और हाथ पर चाकू से छह वार किए थे। पेट और गले को चाकू से रेता गया था। स्वाति की हत्या के बाद आरोपी पति जितेन्द्र मौके से फरार हो गया था। मंगलवार सुबह स्वाति का शव बेड पर पड़ा हुआ था। स्वाति के भाई पंकज ने पति जितेन्द्र, ससुर भीम और सास समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

हत्यारोपी जितेन्द्र पुलिस की पकड़ से दूर है। हत्या से पहले हुए पति-पत्नी के विवाद का एक सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में घर के पास पड़े खाली प्लॉट में पति-पत्नी के बीच विवाद हो रहा है। स्वाति जितेन्द्र को धक्का दे रही हैं जबकि जितेन्द्र स्वाति के साथ हाथापाई कर रहा है। इसके अलावा जितेन्द्र का चाकू के साथ एक अन्य वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। ग्रामीणों के अनुसार जितेन्द्र और स्वाति के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। विवाद के कारण स्वाति अधिकांश अपने मायके में रहती थीं। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि आरोपी जितेन्द्र की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

### आठवीं मंजिल से गिरी गौर होम्स सोसायटी की लिफ्ट

**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम स्थित गौर होम्स सोसायटी की ए-वन टॉवर में लगी लिफ्ट बुधवार की शाम अचानक आठवीं मंजिल से गिर गई। गनीमत रही कि दुर्घटना के दौरान लिफ्ट में कोई नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। सोसायटी के लोगों का आरोप है कि लिफ्ट कई दिनों से तकनीकी खराबी के चलते रुकती और चलती है। इसके बावजूद भी जिम्मेदारों को सोसायटी में रहने वालों की चिंता नहीं है। गौर होम्स सोसायटी की लिफ्ट बुधवार की शाम करीब सात बजे आठवीं मंजिल से गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के खिलाफ आक्रोश जताया। बताया कि मैंटीनेंस शुल्क लेने के बाद भी उनकी मूलभूत सुविधाओं का पालन नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं जिलाधिकारी और विकास प्राधिकरण वीसी को संबोधित शिकायत पत्र में सोसायटी के लोगों ने लिफ्ट की तकनीकी जांच कराने और मेंटिनेंस शुल्क के व्यय की जांच कराने की मांग की। यहां निवास करने वाले लोगों ने बताया कि एक सप्ताह में कई लोग और बच्चे लिफ्ट में फंस चुके हैं।

# सगी बहन से दुष्कर्म के आरोपी दोनों भाई साक्ष्य के अभाव में बरी

**गाजियाबाद।** नाबालिग बहन से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी सगे भाइयों को साक्ष्य के अभाव में पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज गौतम ने बरी कर दिया। दुष्कर्म के बाद किशोरी गर्भवती भी हुई थी लेकिन भ्रूण की डीएनए जांच नहीं होने से आरोपियों को संदेह का लाभ मिल गया। बेटी से दुष्कर्म की रिपोर्ट मां ने वर्ष 2024 में टीला मोड़ थाने में अपने दोनों बेटों के खिलाफ दर्ज कराई थी लेकिन अदालत में मां और बेटी अपने दिए बयान से पलट गई थीं।



टीला मोड़ थाने में दर्ज रिपोर्ट में महिला ने पुलिस को बताया था कि उनकी 13 वर्षीय बेटी कक्षा आठ में पढ़ती है। बेटी के पेट में कुछ दिन से दर्द था। वह उसे 10 मई 2024 को ईएसआई अस्पताल लेकर गईं। डाक्टर ने जांच के बाद बताया था कि वह 22 सप्ताह की गर्भवती है। पूछने पर बेटी ने बताया कि अलग-अलग समय पर उसके सगे दोनों भाई दो वर्ष से दुष्कर्म कर रहे थे। पुलिस ने किशोरी की जांच कराई। पुलिस को दिए बयान में बताया था कि जब वह 11 वर्ष की थी तब सोते समय उनके दूसरे नंबर के भाई ने दुष्कर्म किया। परेशान होने पर किशोरी ने मां को बताया। मां ने कहा कि वह उसे डांट देगी। जब वह 13 वर्ष की थी तो बड़े भाई ने पैसे का लालच देकर शराब के नशे उनके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। किशोरी ने मजिस्ट्रेट के सामने भी यही बयान दिए। पुलिस ने दोनों भाइयों को जेल भेज दिया था। विवेचक ने आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया।

> **टीला मोड़ थाने में दर्ज रिपोर्ट में महिला ने पुलिस को बताया था कि उनकी 13 वर्षीय बेटी कक्षा आठ में पढ़ती है। बेटी के पेट में कुछ दिन से दर्द था। वह उसे 10 मई 2024 को ईएसआई अस्पताल लेकर गईं। डाक्टर ने जांच के बाद बताया था कि वह 22 सप्ताह की गर्भवती है।**

अदालत में बयान दर्ज कराते समय महिला अपने बयान से मुकर गईं। उन्होंने अदालत को बताया कि उनकी गैर मौजूदगी में दो लड़के घर आते थे। वह धमकी देकर बेटी के साथ दुष्कर्म करते थे। किशोरी उन लड़कों को जानती नहीं थी। इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने जब वह थाने पहुंचीं तो पुलिस ने सफेद कागज पर उनके हस्ताक्षर करा लिए। कागज पर पुलिस ने क्या लिखा उन्हें नहीं पता। बेटी ने अपने भाइयों पर दुष्कर्म का आरोप नहीं लगाया था। पिता ने भी इसी तरह का कोर्ट में बयान दिया। वहीं, किशोरी ने भी पहले दिए गए बयान को बदल दिया। किशोरी ने कहा कि पुलिस के दबाव में आकर उन्होंने अपने भाइयों का नाम लिया था। मजिस्ट्रेट के सामने भी पुलिस के दबाव में भाइयों का नाम लिया था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद साक्ष्य के अभाव में दोनों भाइयों को दोषमुक्त कर दिया। दोनों को जेल से रिहा करने का आदेश दिया।

# आठ घंटे गुल रही बिजली, अवर अभियंता पर गाली गलौज का आरोप

**गाजियाबाद।** नेहरूनगर थर्ड में मंगलवार की रात से बुधवार की सुबह तक करीब आठ घंटे विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि समस्या की जानकारी के लिए जब अवर अभियंता को फोन किया तो उन्होंने मामले की जानकारी नहीं होने की बात कहते हुए गाली गलौज की। इसके लिए क्षेत्र के लोगों ने मुख्य अभियंता जोन एक को पत्र लिखकर शिकायत की है।




राकेश मार्ग के ब्लॉक वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव राजीव अग्रवाल व विनीत कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात करीब दस बजे राकेश मार्ग के ब्लॉक में बिजली गुल हो गई। सुबह करीब चार बजे तक आपूर्ति शुरू नहीं हुई तब लोगों ने अवर अभियंता धमेंद्र कुमार से संपर्क किया।

लोगों ने आरोप लगाया कि अवर अभियंता ने कटौती क्यों हुई है इस संदर्भ में उन्हें जवाब नहीं दिया, इसके इतर लोगों से गाली गलौज करने लगे। कल रात गई बिजली बुधवार सुबह छह बजे के बाद शुरू हो पाई। क्षेत्र के रहने वाले अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अवर अभियंता ने क्षेत्र के लोगों को धमकी दी कि यह उनका इलाका है। कब लोगों को बिजली मिलेगी, कब नहीं यह वही तय करेंगे। इससे लोगों में आक्रोश है। विनोद कुमार शुक्ला, उमेश कुमार शर्मा, अजय आनंद समेत अन्य लोगों ने मुख्य अभियंता जोन एक से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग है। इस संदर्भ में अवर अभियंता धमेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर के एबीसी में खराबी आने के कारण आपूर्ति बाधित हुई थी। सुबह करीब छह बजे खराबी को दुरुस्त करके आपूर्ति को बहाल करा दिया गया। गाली गलौज का आरोप निराधार है।

**पूरे दिन लगा रहा बिजली की आवाजाही का दौर**

बुधवार को भी शहर में बिजली की आवाजाही का दौर जारी रहा। शहर में प्रताप विहार, राजनगर, राजनगर एक्सटेंशन, समेत अन्य इलाकों में पूरे दिन दस-दस मिनट के अंतराल पर बिजली आती जाती रही। सबसे अधिक समस्या विजयनगर के लोगों को हुई। विजयनगर के आकाश सोनकर ने बताया कि वैसे भी विजयनगर में लगातार पेयजल के की समस्या बनी हुई है। ऐसे में सुबह के समय बिजली गुल होने की वजह से लोगो की समस्या और बढ़ गई। पेयजल के लिए विजयनगर में पिछले कई दिनों से लोगों को परेशानी हो रही है। जोन एक के मुख्य अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि कुछ स्थानों पर बिजली की सप्लाई बाधित होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि बिजली की आपूर्ति सामान्य रही।

# दिल्ली में गिरता भूजल स्तर: डीपीसीसी सख्त, अवैध बोरवेल के खिलाफ होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली :** राजधानी में अवैध बोरवेल के जरिए भूजल दोहन को रोकने के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने कड़ा रुख अपनाया है। विभाग ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को अवैध बोरवेलों पर कार्रवाई के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की जानकारी सौंपी है। कार्रवाई रिपोर्ट में डीपीसीसी ने अदालत को बताया कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को अवैध बोरवेल की पहचान करना, संबंधित एसडीएम को उसे सील करना और डीपीसीसी को पर्यावरणीय क्षति मुआवजा (ईडीसी) लगाना इसमें शामिल है।




एनजीटी ने हाल ही में अवैध बोरवेलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके तहत डीपीसीसी ने अपनी एसओपी तैयार की है। इस एसओपी में अवैध बोरवेलों की पहचान, उनके खिलाफ कार्रवाई, और उन्हें सील करने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया है। डीपीसीसी ने यह भी सुनिश्चित किया है कि सभी जिला प्रशासनों और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई को प्रभावी बनाया जाए। एनजीटी ने एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया था। इसमें दावा किया गया है कि मयूर विहार में नोएडा लिंक रोड से सटे यमुना के किनारे बोरवेल के जरिए भूजल का कथित अवैध दोहन हो रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, डीपीसीसी ने 26 जून, 2025 को जिला मजिस्ट्रेट (पूर्व) को एक पत्र जारी किया, जिसमें उनसे मामले की जांच करने और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। इसके अलावा, राजस्व कार्यालय को बोरवेल की जानकारी जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के लिए कहा, ताकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार उपयुक्त पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई जा सके। वहीं, केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) ने 27 मई, 2025 के निर्देशों के तहत एक मीडिया रिपोर्ट में उठाए गए मुद्दों की जांच के लिए डीजेबी, केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी), डीपीसीसी, सीपीसीबी, डीएम (पूर्व) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के प्रतिनिधियों वाली एक समिति गठित की है। इसके अलावा, सीजीडब्ल्यूए ने संबंधित विभागों को इस संयुक्त समिति के लिए प्रतिनिधि नियुक्त करने का निर्देश दिया है। इसमें डीजेबी संयुक्त समिति की नोडल एजेंसी होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के मुख्य सचिव ने 12 जून 2020 को नगर निगम अधिकारियों, दिल्ली जल बोर्ड, डीपीसीसी और दिल्ली के जिलाधिकारियों के साथ एक बैठक की थी। दिल्ली सरकार ने भूजल के अवैध दोहन की रोकथाम के लिए भूजल दोहन का विनियमन, बंद करना, बोरवेल-ट्यूबवेल के उपयोग से संबंधित अवैध गतिविधियों पर प्रतिबंध शीर्षक से एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की है।

महिला विश्व कप 2025:

# BCCI ने वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला टीम का किया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से शुरू होकर यह टूर्नामेंट 8 टीमों के बीच खेला जाएगा। नीतू डेविड की अगुवाई वाली महिला चयन समिति ने 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी है। टीम की घोषणा के बाद नीतू डेविड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी स्क्वॉड का ऐलान किया। इस बड़े टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी।

**शेफाली वर्मा को टीम इंडिया में जगह नहीं मिली:** आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया गया है, जो लंबे समय से यह जिम्मेदारी निभा रही हैं। टीम में प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा और जेमिमा रॉड्रिग्स जैसी स्टार खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। हालांकि, शेफाली वर्मा को इस बार टीम से बाहर रखा गया है। हाल के दिनों में उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा और इसी कारण उन्हें स्क्वॉड में जगह नहीं मिल पाई। फिलहाल वह भारतीय ए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं।



**टीम इंडिया का वर्ल्ड कप 2025 शेड्यूल घोषित :** आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 में भारत अपना पहला मुकाबला 30 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 5 अक्टूबर को टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। 9 अक्टूबर को भारत का मैच साउथ अफ्रीका से, 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से, 19 अक्टूबर को इंग्लैंड से, 23 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से और 26 अक्टूबर को बांग्लादेश से होगा। यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित होगा। पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो के न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगा, जबकि भारत में मुकाबले बेंगलुरु, इंदौर, गुवाहाटी और विशाखापत्तनम में होंगे।

**● वर्ल्ड कप 2025 के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का स्क्वॉड :**

कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ टीम में शामिल हैं- स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स, रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष, क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, राधा यादव, स्त्री चरणी, यास्तिका भाटिया और स्नेह राणा।

आईसीसी वनडे रैंकिंग:

# केशव महाराज बने नंबर वन गेंदबाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज बुधवार को आईसीसी द्वारा जारी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। महाराज ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट लेकर सीरीज के पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। केशव महाराज दो स्थान की छलांग लगाते हुए 687 अंक के साथ पहले स्थान पर पहुंच गए हैं।

श्रीलंका के महेश तीक्ष्णा और भारत के कुलदीप यादव को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। तीक्ष्णा दूसरे जबकि कुलदीप तीसरे स्थान पर चले गए हैं। नामीबिया के बर्नार्ड स्कोल्ट्ज चौथे, अफगानिस्तान के राशिद खान पांचवें, न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनर छठे, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी सातवें, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा आठवें, भारत के रवींद्र जडेजा नौवें और ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा दसवें स्थान पर हैं।

शीर्ष 10 गेंदबाजों में 9 गेंदबाज स्पिनर हैं। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी एकमात्र तेज गेंदबाज हैं, जिनका नाम वनडे के शीर्ष दस गेंदबाजों की सूची में शामिल है। केशव महाराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को हुए वनडे मैच में 10 ओवर में 33 रन देकर 5 विकेट लिए। उनके दमदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 98 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 297 रन की जरूरत थी।

केशव महाराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए मैच में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। महाराज दक्षिण अफ्रीका की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले पहले स्पिनर बन गए हैं। महाराज ने 59 टेस्ट में 203, 49 वनडे में 63 और 39 टी20 में 38 विकेट लिए हैं। उनके कुल अंतरराष्ट्रीय विकेटों की संख्या 304 है।

शॉन पोलॉक 823 विकेटों के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल गेंदबाज हैं। पोलॉक ने 421 टेस्ट, 387 वनडे और 15 टी20 विकेट लिए हैं।

# रोहित शर्मा-विराट कोहली को ढ्ढष्टष्ट ने वनडे बैटिंग रैंकिंग से किया बाहर?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वनडे क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा व स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को आईसीसी ने अपनी ताजा वनडे बैटिंग रैंकिंग से बाहर कर दिया। आईसीसी ने वनडे बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग 20 अगस्त को जारी की, लेकिन इसमें टॉप 10 में कोहली और रोहित नजर नहीं आए जो इससे पहले की रैंकिंग में टॉप 10 में शामिल थे। आईसीसी ने जब वनडे के बल्लेबाजों की पिछली रैंकिंग जारी की थी उसमें रोहित शर्मा ने बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया था और वो दूसरे नंबर पर पहुंच गए थे। वहीं विराट कोहली उस रैंकिंग में चौथे स्थान पर थे, लेकिन अब ताजा रैंकिंग में दोनों के नाम गायब हैं। अभी की रैंकिंग में दूसरे नंबर पर बाबर आजम पहुंच गए हैं जबकि चौथे नंबर पर अभी चरित असलंका है। अब टॉप 10 से कोहली और रोहित का नाम आईसीसी ने क्यों हटा दिया और इसका क्या मतलब है इसका जबाव अभी आईसीसी के पास ही है। यहां सवाल ये है कि पिछली रैंकिंग के बाद जब बाबर आजम ने कोई मैच नहीं खेला है तो उन्होंने दूसरा स्थान कैसे हासिल कर लिया साथ ही साथ वो दूसरे नंबर पर पहुंच गए। चलिए माना कि बाबर दूसरे नंबर पर चले भी गए तो रोहित शर्मा टॉप 10 से बाहर कैसे हो गए। उन्होंने कोई मैच नहीं खेला तो वो गिरकर नीचे आ सकते थे, लेकिन उन्हें रैंकिंग से एकदम से बाहर किया जाना तो कुछ ज्यादा ही अजीब लगता है।



# एशिया कप के लिए श्रेयस अय्यर की जगह बनाई जा सकती थी: चोपड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 के लिए बीसीसीआई ने 19 अगस्त को टीम की घोषणा कर दी। 15 सदस्यीय टीम में श्रेयस अय्यर को जगह नहीं मिली है। पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि श्रेयस अय्यर को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में एशिया कप के लिए टीम के साथ रखा जा सकता है।

आकाश चोपड़ा ने कहा है कि श्रेयस अय्यर को टीम से बाहर रखने की वजह से उनके टी20 करियर को लेकर बोर्ड की तरफ से कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहा है। पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने बुधवार को अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, श्रेयस अय्यर ने शॉर्ट गेंद के खिलाफ अपनी कमजोरी में सुधार किया है। स्पिन को बेहतर खेलते हैं। आईपीएल में 175 की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए और अपनी कप्तानी में पंजाब किंग्स को फाइनल में लेकर गए। इसके बावजूद उन्हें एशिया कप की मुख्य और रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में जगह न मिलना हैरान करता है।



आकाश चोपड़ा ने कहा कि यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल और प्रसिद्ध कृष्णा का नाम रिजर्व खिलाड़ियों में है, लेकिन यहां भी श्रेयस का नाम नहीं है। रिजर्व सूची में उनका नाम होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि श्रेयस अय्यर को टीम में आने के लिए और क्या करना होगा। श्रेयस जो कर चुके हैं, उससे ज्यादा क्या कर सकते हैं? आईपीएल में अपनी कप्तानी में पंजाब को फाइनल में ले गए, 600 से अधिक रन बनाए, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में रन बनाए और टीम को चैंपियन बनाया, रणजी खेला और चैंपियंस ट्रॉफी जीती। एक इंसान के तौर पर आप बस इतना ही कर सकते हैं। आकाश ने कहा कि यह एशिया कप है।

इसे विश्व कप से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। मेरा मानना है कि अगर श्रेयस वनडे मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते रहे तो टी20 विश्व कप 2026 की टीम में जगह बना सकते हैं। मुझे यकीन है कि वह टी20 विश्व कप का हिस्सा होंगे।

श्रेयस अय्यर भारत की तरफ से 51 टी20 मैचों की 47 पारियों में 136.13 की स्ट्राइक रेट से 1,104 रन बना चुके हैं। इस दौरान 8 अर्धशतक उन्होंने लगाए हैं। सर्वाधिक स्कोर 74 है।



Bo&ing:

# विश्व चैंपियनशिप से पहले भारतीय मुक्केबाजों का ब्रिटेन अभ्यास दौरा बाधित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व चैंपियनशिप से पहले भारतीय मुक्केबाजों की अभ्यास के लिये ब्रिटेन यात्रा वीजा मिलने में विलंब के कारण बाधित हो गई है। भारतीय दल को रविवार को कई देशों के अभ्यास शिविर में भाग लेने शेफील्ड जाना था । चार से 14 सितंबर तक लिवरपूल में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिये यह शिविर अहम माना जा रहा है। सिर्फ चार महिला मुक्केबाजों और कोचिंग स्टाफ के छह सदस्यों को ही वीजा मिल सका और वे ब्रिटेन पहुंचे हैं। दस सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम और छह महिला मुक्केबाज अभी भी एनआईएस पटियाला में हैं और वीजा मिलने का इंतजार कर रहे हैं। इस समय पुरूष मुक्केबाजों के पास सिर्फ एक कोच है क्योंकि मुख्य कोच धर्मेंद्र यादव समेत तीन अन्य कोच शेफील्ड में हैं। यादव ने कहा, हम तीन यहां पहुंच गए हैं लेकिन बाकी पुरूष मुक्केबाज वीजा का इंतजार कर रहे हैं। हमें बुधवार से अभ्यास शुरू करना था लेकिन इसे रद्द करना पड़ा क्योंकि हमें नहीं पता कि वीजा कब मिलेगा और मुक्केबाज यहां कब पहुंचेंगे। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के कामकाज का संचालन कर रही अंतरिम समिति ने कहा कि वह ब्रिटेन में भारतीय दूतावास, खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के लगातार संपर्क में है। समिति के सदस्य अर्जुन मलिक ने कहा, लेकिन प्रक्रिया स्वचालित है जिससे किसी भी दखल से विलंब का समाधान नहीं निकल सकता । हमारी तरफ से पूरी तैयारी है लेकिन तस्वीर साफ होने पर ही बाकी सदस्य बिना विलंब के ब्रिटेन पहुंच सकेंगे ।

**● वीजा विलंब से एथलीट परेशान**

अभी तक 31 सदस्यीय दल में से 12 सदस्य इंग्लैंड पहुंच पाए हैं। दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन, मीनाक्षी, पूजा रानी और नुपूर शेरोन ही शेफील्ड पहुंच सके हैं। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन, राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता जैसमीन लंबोरिया, एशियाई खेलों के पदक विजेता नरेंदर समेत बाकी अभी पटियाला में ही हैं। शिविर में आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, उजबेकिस्तान, अमेरिका और पोलैंड समेत कई देशों के मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

Sinquefield Cup Chess:

# सिंकफील्ड कप में गुकेश की जीत, अब्दुसत्तोरोव को हराकर की जबरदस्त वापसी

**सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी।** पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी गुकेश को हराने वाले आर प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने शुरुआती दौर की असफलता को पीछे छोड़ते हुए यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर शानदार जीत दर्ज की।

पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी गुकेश को हराने वाले आर प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे। एक अन्य मैच में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ़ को हराया। अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने हमवतन सैमुअल सेवियन के साथ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बनाए रखी। एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने 10 खिलाड़ियों के 3,75,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला।



अब जबकि सात दौर का खेल होना बाकी है तब प्रज्ञानंद, अरोनियन और फिरोजा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश, कारूआना, वेस्ली सो, सेवियन और वाचियर-लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। डूडा आधे अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव लगातार दूसरी बाजी हारने के बाद अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं।

# सालाह इंग्लिश फुटबॉल के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए, महिलाओं में कैल्डेन्टी को अवॉर्ड

**लंदन, एजेंसी।** इस पुरस्कार के लिए इंग्लैंड में खेलने वाले साथी पेशेवर खिलाड़ी मतदान करते हैं। सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। लिवरपूल के फॉरवर्ड मोहम्मद सालाह को मंगलवार को प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन पुरस्कारों में पिछले सत्र के लिए इंग्लिश फुटबॉल में साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष चुना गया। वहीं, महिलाओं में आर्सेनल की मिडफील्डर मैरियोना कैल्डेन्टी ने यह अवॉर्ड जीता।

इस पुरस्कार के लिए इंग्लैंड में खेलने वाले साथी पेशेवर खिलाड़ी मतदान करते हैं। सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। मिस्र के इस 33 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने प्रीमियर लीग में 29 गोल किए, जिसकी बदौलत लिवरपूल ने रिकॉर्ड 20वीं बार चैंपियनशिप जीती। सालाह ने इस वर्ष के शुरू में तीसरी बार फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन का फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार भी जीता था।



महिला वर्ग में 29 वर्षीय कैल्डेन्टी ने आर्सेनल के साथ अपने पहले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और सभी प्रतियोगिताओं में 19 गोल किए। एस्टन विला के मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष युवा खिलाड़ी चुना गया, जबकि सबसे अधिक कीमत पर आर्सेनल से जुड़ने वाली कनाडा की स्ट्राइकर ओलिविया स्मिथ ने महिला वर्ग में यह पुरस्कार हासिल किया।

फुटबॉल की अन्य खबरों में किलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने मंगलवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की।

पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेजबान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे।

रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी।

Asia Cup Hockey:

# एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का एलान, लाकड़ा और दिलप्रीत को जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान बुधवार को किया गया जिसमें फॉरवर्ड शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने अपनी जगह बरकरार रखी है। टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक खेला जायेगा जिसके विजेता को अगले साल एफआईएच पुरूष विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा जो 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होना है। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान हैं । राजिंदर सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत आस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा थे। राजिंदर को शमशेर सिंह की जगह चुना गया, जबकि लाकड़ा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने वाले ललित उपाध्याय की जगह ली है। दिलप्रीत को गुरजंत सिंह पर तरजीह मिली है। स्ट्राइकर ललित उपाध्याय ने जून में एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया था। भारत को एशिया कप में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ पूल ए मिला है। भारतीय टीम 29 अगस्त को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाखस्तान से खेलना है।



गोलकीपिंग का दारोमदार कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा पर होगा। डिफेंस में हरमनप्रीत और अमित रोहिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह हैं। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत जिम्मा संभालेंगे। नीलम संजीप सेस और सेल्वम कार्ति को रिजर्व में रखा गया है। टीम चयन के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, हमने अनुभवी टीम चुनी है । विश्व कप क्वालीफिकेशन को देखते हुए एशिया कप हमारे लिए महत्वपूर्ण है लिहाजा हमें दबाव में अच्छा खेलने वाले खिलाड़ी चाहिए।

**भारतीय टीम इस प्रकार है**

गोलकीपर- सूरज करकेरा, कृशन बी पाठक
डिफेंडर- हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह
मिडफील्ड- मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह
फॉरवर्ड- मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह
रिजर्व खिलाड़ी- नीलम संजीप सेस और सेल्वम कार्ति।

# बिजली कर्मियों के साथ मारपीट करने वाले आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दतिया वृत अन्तर्गत बकाया राशि जमा नहीं करने तथा बिजली कर्मचारियों से मारपीट करने वाले चार आरोपितों के खिलाफ थाना जिगना जिला दतिया में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सहायक प्रबंधक विद्युत वितरण केन्द्र उदगवां वरूण वर्मा ने बताया कि ग्राम छता के हार में पम्प कनेक्शन की बकाया राशि जमा नहीं करने पर उदगवां में ट्रांसफार्मर उतार कर वितरण केंद्र पर ले जा रहे थे। उपभोक्ता भगवान सिंह यादव पर बकाया राशि 50 हजार से अधिक तथा उपभोक्ता श्रीमती प्रभा देवी यादव पर 23 हजार से अधिक बकाया राशि जमा नहीं करने पर कंपनी ने कार्रवाई की। टीम में लाइन हेल्पर संतोष शर्मा, ब्रजेश रजक के साथ कार्रवाई करने के बाद अपने शासकीय वाहन से जा रहे थे। उसी दौरान रास्ते में आरोपितों ने गंदी गालियां देते हुए हमला कर दिया तथा ट्रांसफार्मर शासकीय वाहन से लूट लिया। मारपीट में सहायक प्रबंधक तथा लाइन हेल्पर को चोट आई है। इस दौरान आरोपितों ने जान से मारने की धमकी देते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली। इस संबंध में तत्काल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर चार आरोपितों प्रहलाद यादव, भूरे यादव, नितिन



बुंदेला तथा भगवान सिंह यादव के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 115(2) ,296,351(3) ,132,126(2),121(2) एवं धारा 3(5) में एफआईआर दर्ज की गई है। इधर थाना जिगना जिला दतिया ने प्रकरण पर संज्ञान लेकर विवेचना शुरू कर दी है। गौरतलब है कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए निरंतरता से सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है और प्रकरण पंजीबद्ध किए जा रहे हैं। एक ओर सतर्कता विभाग बिजली चोरी की रोकथाम के लिए प्रयासरत है तो दूसरी ओर जोन स्तर के अधिकारियों के द्वारा भी प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट / दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफ.आई. आर. कराने के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने कहा है कि प्रायः देखने में आ रहा है कि बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट / दुर्व्यवहार किया जा रहा है। चूंकि ऐसी घटनाएं विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल गिराती हैं, इसलिए कंपनी के कार्यक्षेत्र में कार्यरत सभी नियंत्रणकर्ता अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार या मारपीट की घटनाओं को पूरी गंभीरता से लिया जाए।

# मध्यप्रदेश के सुमधुर लोक सुरों की तृतीय प्रस्तुति 22 अगस्त को नई दिल्ली में



**भोपाल।** मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को राष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से सुरमयी सांस्कृतिक संध्या की तृतीय प्रस्तुति शुक्रवार 22 अगस्त को मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में होगी। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध नृत्यांगना लता सिंह मुंशी एवं उनके समूह द्वारा भरतनाट्यम प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मधुर लोक-संगीत और भावपूर्ण स्वरों की झलक होगी, जो दर्शकों को राज्य की सांस्कृतिक विविधता और कलात्मक समृद्धि से परिचित कराएगी। सांस्कृतिक संध्या संस्कृति एवं पर्यटन विभाग तथा आवासीय आयुक्त, मप्र भवन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का समय शाम 6:30 से 7:30 बजे तक निर्धारित है।

# सीएम हेल्पाइन पर 70 प्रतिशत लोगों ने नशे में की शिकायत

## नशा उतरने के बाद भूले, परेशान विभाग



**भोपाल।** मप्र में जनता की समस्याओं के निराकरण और शिकायतों के लिए सीएम हेल्पाइन की शुरूआत की गई है। इसमें शिकायत करने पर लोगों की समस्याओं का निराकरण निश्चित समय सीमा में होता है, लेकिन मप्र के एक सरकारी विभाग में लोग शिकायत करने के बाद भूल जाते हैं। ये बात हम नहीं बल्कि विभाग के अधिकारी बता रहे हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि 60 से 70 प्रतिशत लोग रात में शिकायत तो करते हैं, लेकिन सुबह या तो भूल जाते हैं या फिर शिकायत का निरस्त करने का निवेदन करते हैं।

### दुकानदार से झगड़ा, शराब पीने के बाद शिकायत

मप्र आबाकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाल में ही एक शिकायतकर्ता ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उसने एक स्थानीय ठेकेदार द्वारा तय कीमत से अधिक रेट पर शराब बेचने की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन सुबह जब आबकारी विभाग की तरफ से उसका बयान लेने के लिए फोन किया गया, तो उसने कहा कि अब ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करनी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि ज्यादा रेट पर शराब बेच रहे दुकानदार से झगड़ा हुआ था, इसलिए शिकायत की थी, लेकिन अब इसे निरस्त कर दें।

### डिस्काउंट नहीं दिया तो शिकायत, फिर भूले

भोपाल के एक व्यक्ति ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी। जब आबकारी अधिकारियों ने अगले दिन फोन किया तो वह बोला ध्यान नहीं कौन सी शिकायत दर्ज कराई थी। उसने अधिकारियों से कहा कि दुकानदार शराब के रेट में डिस्काउंट नहीं दे रहा था। इसलिए शायद शिकायत कर दी होगी, अब याद नहीं है और न ही कोई कार्रवाई करनी है। मैं अपनी शिकायत वापस लेता हूं।

### सुबह तक लोगों को याद नहीं रहती शिकायत

सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में आबकारी विभाग से संबंधित 60 से 70 प्रतिशत मामलों में शिकायतकर्ता कार्रवाई नहीं करने की बात करता है। रात में मंहगी शराब व अन्य मामलों को लेकर शिकायत तो कर देता है, लेकिन जब शिकायत के निराकरण के लिए विभाग के अधिकारी फोन करते हैं, ऐसे लोगों का कहना होता है कि यह शिकायत उन्होंने गलती से कर दी थी, लेकिन आगे कार्रवाई नहीं चाहते हैं। वहीं कई लोगों को तो याद भी नहीं रहता है कि रात में शराब के नशे में उन्होंने कोई शिकायत भी की है।

### जबलपुर टॉप पर, भोपाल और कटनी सेकंड

वीरेंद्र धाकड़ ने बताया कि बीते जुलाई महीने में सीएम हेल्पलाइन में 3718 शिकायतें आबकारी विभाग से संबंधित पहुंची हैं, लेकिन इनमें करीब 60 प्रतिशत लोगों ने अपनी शिकायत वापस लेते हुए कार्रवाई करने से मना कर दिया। धाकड़ ने बताया कि शराब दुकानों से संबंधित सबसे अधिक शिकायत बीते एक महीने में जबलपुर में दर्ज की गई है। यहां जुलाई महीने में 358 लोगों ने शिकायत की है। जबकि भोपाल और कटनी में 188-188 शिकायतें की गई हैं। वहीं रीवा में 127, रायसेन में 108, सागर में 107, भिंड में 100, इंदौर में 88, सतना में 97 और सिंगरौली में 82 शिकायतें दर्ज की गई हैं।

## दिसंबर तक बनकर तैयार होगी भोपाल की सबसे बड़ी गोशाला

# 10 हजार गायों के लिए रहेगी व्यवस्था, कमिश्नर ने कहा- बचे काम जल्द पूरे करें

**भोपाल ।** भोपाल के बरखेड़ी अब्दुल्ला में राजधानी की सबसे बड़ी गोशाला दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगी। इस गोशाला में 10 हजार गायों को एक ही छत के नीचे रहने की व्यवस्था रहेगी। गोशाला का काम अंतिम दौर में है। आयुक्त संजीव सिंह ने गोशाला को जल्द पूरा करने के निर्देश समीक्षा बैठक में दिए हैं। आयुक्त संजीव सिंह ने समीक्षा बैठक में गोशाला के कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह इसका सारा काम दिसंबर तक पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस गोशाला का भूमिपूजन किया था। यह उनकी प्राथमिकता वाले कार्यों में शामिल हैं। कार्य पूर्ण करने में किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाए। गोशाला के संचालन के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली जाएं।

### बीमार गायों का इलाज भी

गोशाला में बीमार गायों इलाज की समुचित व्यवस्था की जाएगी। बीमार गायों के लिए दो शेड तैयार होंगे। जिसमें एक आईसीयू एवं एक जनरल वार्ड होगा। इसके अतिरिक्त चारा शेड, एक बछड़ा शेड, पानी की टंकी और संपबेल बनाया जाएगा। गोशाला में ऑफिस और निवास भी बनाए जाएंगे।

### 14.48 करोड़ रुपए से बन रही गोशाला

समीक्षा बैठक में बताया गया कि प्रथम चरण में 14 करोड़ 48 लाख रुपए की राशि से गोशाला का निर्माण कार्य दिसंबर माह तक पूरा किया जाएगा। गोशाला में कुल 10 हजार गायों को रखने की व्यवस्था की जाएगी।

# कांग्रेस जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पर मचे बवाल के बीच संगठन का फैसला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद मचे बवाल को लेकर संगठन डैमेज कंट्रोल में जुट गया है। इसी कड़ी में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब मध्यप्रदेश कांग्रेस उनके कामकाज पर भी तकनीकी रूप से नजर रखेगी। उनकी निगरानी के लिए पार्टी ने एक रिपोर्टिंग एप तैयार किया है। जानकारी के अनुसार एप पर जिला अध्यक्ष प्रतिदिन अपने काम की जानकारी अपलोड करेंगे। कांग्रेस संगठन में यह प्रयोग पहली बार मध्यप्रदेश से शुरू हो रहा है। एप सफल रहा तो एआईसीसी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) इसे अन्य राज्यों में भी लागू करेगी।

# राज्यपाल पटेल सिवनी के थांवरझोड़ी में ग्राम परिचय कार्यक्रम में हुए शामिल

## पेसा पंचायत में ग्रामवासियों को दिलाया नशा मुक्ति का संकल्प

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल गुरुवार को सिवनी जिले के कुरई विकासखण्ड के ग्राम थांवरझोड़ी पहुँचे। राज्यपाल पटेल यहां ग्राम परिचय कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामवासियों ने परंपरागत कलश यात्रा और गोंडी नृत्य से राज्यपाल का आत्मीय स्वागत किया। राज्यपाल पटेल ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया। उन्होंने ग्रामीणों को जाति प्रमाण पत्र, आजीविका मिशन की बहनों को कैश क्रेडिट लिंक योजना का चैक और विद्यार्थियों को निःशुल्क सायकल का वितरण किया। राज्यपाल पटेल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाएं संचालित कर रही हैं। आयुष्मान भारत योजना



ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर चिंताओं से मुक्ति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई है। आजीविका मिशन से जुड़ी बहनें आर्थिक स्वावलंबन का अभूतपूर्व उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। राज्यपाल पटेल ने प्रधानमंत्री जन मन योजना को जनजातीय समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़कर उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने का सशक्त माध्यम है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री धरती आबा योजना, जनजातीय परिवारों को आवास, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

### ग्रामवासियों को दिलाया नशामुक्ति का संकल्प

राज्यपाल मंगुभाई पटेल की उपस्थिति में ग्राम में परंपरागत खाट बैठक के तहत ह्यपेसाह्न पंचायत आयोजित हुई। राज्यपाल पटेल ने ग्रामवासियों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया। राज्यपाल पटेल ने कहा कि नशे की लत से न केवल व्यक्ति, बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि थांवरझोड़ी ग्राम नशामुक्त बनकर अन्य गांवों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। पेसा पंचायत में नशा करने वालों पर 1000 रुपए का जुमार्ना लगाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। यह राशि ग्राम विकास कार्यों में उपयोग होगी। सिकल सैल जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता जरूरी राज्यपाल पटेल ने कहा कि सिकल सेल वंशानुगत रोग है।

### जिले के नवाचार मिशन जीवन पर्यंत की सराहना की

राज्यपाल पटेल ने सिवनी जिला प्रशासन के नवाचार मिशन जीवन पर्यंत नाटक का मंचन देखा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की अनेक योजनाओं से माताओं-बहनों का भविष्य सुरक्षित हो रहा है। उन्होंने इस पहल की सराहना की और इसे महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। राज्यपाल को छात्रों ने स्मृति चिन्ह स्वरूप मोगली की पैंटिंग भेंट की। आभार प्रदर्शन सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, विधायक सिवनी दिनेश राय, श्रीमती मीना बिसेन, कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# गांधी मेडिकल कॉलेज के मामले में हाई कोर्ट का आदेश

## पदोन्नति वाले पद पर सीधी भर्ती नहीं हो सकती

**भोपाल ।** मप्र हाई कोर्ट से भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज को झटका लगा है। जीएमसी द्वारा डॉक्टरों की भर्ती के लिए जारी विज्ञापन को हाई कोर्ट ने अवैध बताते हुए निरस्त कर दिया है। हाई कोर्ट जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने दायर याचिका की सुनवाई करते हुए पाया कि स्वायत्तशासी कॉलेज की कार्यकारिणी ने सीधी भर्ती के पदों का विज्ञापन देने से पहले आंतरिक उम्मीदवारों की पदोन्नति की प्रक्रिया पर निर्णय नहीं लिया था। एकलपीठ ने कॉलेज प्रबंधन को नियुक्ति प्रक्रिया नये सिरे से प्रारंभ करने के आदेश जारी किये हैं।

### अस्पताल प्रबंधन ने ये जवाब दिया

याचिका में कहा गया कि नियम अनुसार फीडर लाइन से पदोन्नति द्वारा भरा जाने वाला पद सीधी भर्ती से नहीं भरा जा सकता है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से तर्क दिया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के स्थगन के कारण पदोन्नति नहीं दी जा सकती है। राज्य सरकार ने सीधी भर्ती के माध्यम से पदोन्नति के पदों को भरने की अनुमति प्रदान की है। याचिकाकर्ता के तरफ से तर्क दिया गया कि सीधी भर्ती के माध्यम से उससे जूनियर को एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। हाई कोर्ट ने नियुक्ति का विज्ञापन निरस्त किया एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि पदोन्नति द्वारा पद भरने में कानूनी बाधा है, इसलिए उन्होंने सीधी भर्ती को आगे बढ़ाया है और इसे आंतरिक

# आजीविका फ्रेश मेला भोपाल हाट में 23 एवं 24 अगस्त को

## स्व-सहायता समूहों के स्टॉल पर मिलेंगे रसायन रहित कृषि उत्पाद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व-सहायता समूहों का दो दिवसीय ह्यआजीविका फ्रेशह्न मेला भोपाल हाट में 23 एवं 24 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ 23 अगस्त को प्रातः 10.00 बजे पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर विभाग की राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह भी उपस्थित रहेंगीं। मेले में विभिन्न जिलों से आ रही स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा रसायन रहित एवं जैविक तरीके से उगाये हुये कृषि एवं दुग्ध-उत्पादों सहित अन्य सामग्री का विक्रय सह प्रदर्शन किया जायेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को वृहद बाजारों से जोड़ने के लिये अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में स्व-सहायता समूहों का दो दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला अरेरा हिल्स स्थित भोपाल हाट परिसर



में आयोजित किया जा रहा है। मेला प्रातः 11 बजे से रात्रि 09.30 बजे तक चलेगा। मेले में विभिन्न जिलों से आ रही ग्रामीण स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा 55 स्टॉल लगाये जायेंगे। समूहों से जुड़े परिवारों को कम लागत में अधिक उपज के लिये कृषि एवं पशुपालन की उन्नत तकनीक अपनाने के लिये कृषि सखियों व पशुपालन सखियों द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। विशेष रूप से प्राकृतिक पद्धति से रसायन रहित जैविक उत्पाद तैयार करने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन प्रयासों के फलस्वरूप रसायन रहित उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं, जिन्हें इस मेले में खास तौर से लाया जा रहा है। इनमें मुख्य रूप से अनाज, दलहन, तिलहन, सब्जियां, फल और दुग्ध आधारित उत्पादों में देशी गाय एवं गिर गाय का घी, पनीर और सोयाबीन उत्पादों में टोफू, सोया बड़ी एवं मशरूम आधरित उत्पादों में सूखा मशरूम, अचार, पाउडर, कुकीज तथा वन उत्पादों में जंगल का शुद्ध शहद, महुआ उत्पादों में महुआ कुकीज, लड्डू, नमकीन महुआ, लघु वनोपज में आंवला कैंडी, मुरब्बा, मिलेट उत्पादों में कोदो, कुटकी, चावल कुकीज, लड्डू, खीर आदि प्रमुख हैं। क्षेत्रीय कृषि उत्पादों में नरसिंहपुर जिले की तुअर (अरहर) दाल एवं गुड़, बालाघाट जिले का चिनौरी चावल, सिवनी जिले का जीरा शंकर चावल तथा क्षेत्रीय खान-पान में मालवा, निमाड, चंबल-ग्वालियर, विंध्य, बुंदेलखण्ड, बघेलखण्ड आदि क्षेत्रों के प्रसिद्ध खान-पान व्यंजनों तथा हर्बल पेय आदि का आनंद इस मेले में लिया जा सकता है।

# वन विभाग के वाहन चालकों ने पीसीसीएफ को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल ।** मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग वाहन चालक समिति ने पीसीसीएफ वन बल प्रमुख को औपचारिक बैठक में अपनी दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में घनश्याम कटारे, राजू सिंह, हीरा यादव, महेंद्र राव, ओम प्रकाश मिश्रा, राजकुमार सिंह, रामचरण अहिरवार, राजेश कुशवाहा, भगवान सिंह आदि शामिल थे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वन विभाग के वन बल प्रमुख ने कर्मचारियों की औपचारिक बैठक बुलाई थी। उस बैठक में वन विभाग के वाहन चालक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए तथा अपनी बात रखी। वन विभाग के वाहन चालक घनश्याम कटारे के साथ 14 अगस्त को लिपिक सुधीर नेमा ने मारपीट की थी।

# दुबई से लाया गया सलीम डोला चलवा रहा ड्रग्स की अवैध फैक्ट्री

## डी कंपनी से रहा नाता

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर की अवैध कॉलोनी के एक मकान में पकड़ी गई एमडी ड्रग्स की फैक्ट्री को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। यह फैक्ट्री मादक पदार्थों का अंतरराष्ट्रीय तस्कर सलीम डोला चलवा रहा था। सलीम डोला पाकिस्तान में छिपे भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी दाउद इब्राहिम का भी गुर्गा रह चुका है। सलीम डोला को इंटरपोल की मदद से इस साल जून महीने में ही भारत की सुरक्षा एजेंसियां दुबई से प्रत्यर्पण संधि के तहत भारत लाई हैं और उससे पूछताछ की जा रही है। वह वर्षों से दुबई में



रहकर भारत में मादक पदार्थों के नेटवर्क को संचालित कर रहा था। यह खुलासा तब हुआ जब कुछ माह पहले अशरफ नाम के एक व्यक्ति को रासायनिक पदार्थों का परिवहन करते हुए खुफिया एजेंसियों ने पकड़ा था। जिस रासायनिक पदार्थ को अशरफ के पास से जब्त किया गया था, उसका उपयोग एमडी ड्रग्स बनाने में किया जाता है। इसके बाद खुफिया एजेंसियां कडिंा जोड़ती गईं और दो दिन पहले राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने जगदीशपुर में अवैध फैक्ट्री का खुलासा कर दिया।

### इदरीस भिवंडी से पहुंचाता है कच्चा माल

निदेशालय की जांच में अशरफ ने खुलासा किया था कि उसे यह माल ट्रांसपोर्टर अजहरूद्दीन इदरीस की मदद से मिलता है। इदरीस भिवंडी से भोपाल में कच्चे माल को पहुंचाता था। जगदीशपुर के पास मुल्ला कॉलोनी में रज्जाक खान ने मकान तीन महीने पहले ही खरीदा था। रज्जाक खान मूल रूप से विदिशा जिले का रहने वाला है। यह मकान उसने अब्दुल फैसल कुरैशी की मदद से खरीदा था। अभी तक की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि भोपाल में एमडी ड्रग्स की जो फैक्ट्री पकड़ी गई है, उसे सलीम डोला का गिरोह ही चलवा रहा था। सलीम डोला देश के


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**

जोन क्र-08 यांत्रिक विभाग

**निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र**

क्र. 90/यां.वि./2025 भोपाल दिनांक 21.08.2025

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर मंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है

| S. No. | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_445536_1 | PROVIDING AND FIXING OF SHED AT NAYA BASERA AND RAJIV NAGAR W-27 Z-08 Estimate no. 2025202119 (first call) | 169439/- | 3389/- | 1000/- | 02 Month | UADD mpuadd Issr building 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M.(time) 20.08.2025 (date) to 17:30P.M. (time) 03.09.2025 (date).
3. Amendments to NIT, if any, would be published on websitehttps://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.The initial period of 03 ( five year after completion shall be treated as DefectLiability Period (DLP)

नि.क्र. 2305/025/026

**Assistant Engineer**
**Municipal Corporation**


स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048